संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

"बदलाव से मत डरिए, वही आपको बेहतर बनने का मौका देता है।"



**2008 – भारत ने चंद्रयान-1 मिशन के अंतिम चरण की तैयारी पूरी की, जिससे अंतरिक्ष अनुसंधान में एक नया अध्याय शुरू हुआ।**

पूर्णिया , शनिवार 11 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 200

# ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा संबंध और रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण मोड़ पर : रक्षा मंत्री

## - राजनाथ सिंह ने सिडनी में पहली भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा उद्योग व्यापार गोलमेज बैठक को संबोधित किया

**नई दिल्ली,** (हि.स.) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन सिडनी में रक्षा उद्योगपतियों के साथ पहली गोलमेज बैठक की। उन्होंने कहा कि यह केवल संवाद नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच व्यापार, उद्योग और नवाचार में स्वाभाविक सहयोग को सशक्त करने की ऐतिहासिक पहल है। बैठक में दोनों देशों के रक्षा, तकनीकी और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा देने पर विस्तृत चर्चा हुई।



**2 द्विपक्षीय संबंधों की मजबूत नींव** : रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को नई ऊंचाई दी है। उन्होंने नवंबर 2024 के शिखर सम्मेलन, अक्टूबर 2024 की 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता और जून 2025 में ऑस्ट्रेलियाई उप-प्रधानमंत्री की भारत यात्रा जैसी उच्चस्तरीय बैठकों को याद किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि साझा लोकतांत्रिक मूल्य और समान संस्थागत ढांचे इन संबंधों की सुदृढ़ नींव हैं।

**3 भारत की रक्षा उत्पादन और निर्यात उपलब्धियां** : राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले वित्त वर्ष में देश का रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रुपये (18 अरब अमेरिकी डॉलर) तक पहुंचा है, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर है। रक्षा निर्यात भी 23,622 करोड़ रुपये (2.76 अरब अमेरिकी डॉलर) तक पहुंचा और भारतीय कंपनियां अब करीब 100 देशों को रक्षा उत्पाद भेज रही हैं।

**4 नवाचार और तकनीकी साझेदारी पर जोर** : रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया क्वांटम सिस्टम, अंडरवाटर व्हीकल्स और समुद्री निगरानी तकनीक में उत्कृष्ट है, जबकि भारत जहाज निर्माण, मिसाइल तकनीक और अंतरिक्ष क्षेत्र में स्वदेशी क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि यह गोलमेज सम्मेलन दोनों देशों की तकनीकी ताकतों को एकजुट कर रक्षा सहयोग की नई संभावनाएं खोलेगा।

**5 निवेश और रणनीतिक सहयोग का आमंत्रण** राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई उद्योगपतियों से भारत में निवेश और नवाचार के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत ने रक्षा क्षेत्र में एफडीआई सीमा को 74 प्रतिशत तक बढ़ाया है, जिससे उद्योगों के लिए नए अवसर खुले हैं। उन्होंने इस साझेदारी को केवल आर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी परिवर्तनकारी बताया। सिडनी में आयोजित यह गोलमेज बैठक भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी को नई ऊंचाई देने वाला कदम साबित होगी। इस मंच ने दोनों देशों के बीच औद्योगिक सहयोग, तकनीकी नवाचार और क्षेत्रीय सुरक्षा में परस्पर योगदान की नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं।

**» रणनीतिक साझेदारी पर जोर – उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी अब दोनों देशों को औद्योगिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है।**

-----------------------

**» 4 तकनीकी क्षेत्र में तालमेल – ऑस्ट्रेलिया क्वांटम सिस्टम, समुद्री निगरानी और अंडरवाटर तकनीक में अग्रणी है, जबकि भारत जहाज निर्माण, मिसाइल और अंतरिक्ष तकनीक में स्वदेशी क्षमता रखता है।**

# अफगान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में झंडे को लेकर हुई तकरार



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत दौरे पर आए अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों को आमंत्रित न किए जाने और अफगान ध्वज को लेकर विवाद खड़ा हो गया। काबुल से आए तालिबानी अधिकारियों ने मुत्ताकी की कुर्सी के पीछे तालिबानी ध्वज लगाने की ज़िद की, लेकिन पुराने अधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज को बनाए रखने की बात कही। परिणामस्वरूप कुर्सी के पीछे कोई ध्वज नहीं लगाया गया, हालांकि मेज पर तालिबानी ध्वज रखा गया। मुत्ताकी ने भारत में पूर्ण दूतावास खोलने, व्यापार समिति गठन, सुरक्षा व ईरान में चाबहार बंदरगाह पर सहयोग और पाकिस्तान के साथ शांतिपूर्ण संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने अफगान भूमि का किसी के खिलाफ उपयोग न करने का आश्वासन भी दिया।

# भारत-अफगान विदेश मंत्री वार्ता : काबुल में अपने मिशन को दूतावास का दर्जा देगा भारत



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई। जयशंकर ने इसे अफगानिस्तान के साथ संबंधों का पुनर्जागरण बताया और काबुल स्थित भारतीय मिशन को दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की। अफगान मंत्री मुत्ताकी 09 से 16 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने अफगान शरणार्थियों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की और उनके पुनर्वास के लिए आवास और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य सहयोग के तहत छह नई परियोजनाएं, 20 एम्बुलेंस, एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें, टीकाकरण और कैंसर की दवाइयां प्रदान की जाएंगी। भारत यूएनओडीसी के माध्यम से नशा मुक्ति सामग्री भी उपलब्ध कराएगा।

जयशंकर ने सीमापार आतंकवाद को साझा चुनौती बताया और इसके खिलाफ समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। अफगान पक्ष ने आश्वासन दिया कि उनकी जमीन का इस्तेमाल अन्य देशों के खिलाफ नहीं किया जाएगा। दोनों देशों ने आतंकवाद और अस्थिरता के मामलों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।

**शिक्षा, वाणिज्य और सांस्कृतिक सहयोग :**
अफगान छात्रों के लिए भारत में अध्ययन के अवसर बढ़ाए जाएंगे और चिकित्सा, व्यवसाय तथा छात्र श्रेणियों में वीज़ा सुविधाओं का विस्तार होगा। जल संसाधन, खनन और व्यापार में सहयोग बढ़ाने तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। यह तालिबान सत्ता में आने के बाद दोनों देशों की पहली उच्चस्तरीय वार्ता है।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने किए प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव के दर्शन



**गांधीनगर,** (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव का दर्शन पूजन किया और महादेव के चरणों में शीश झुकाकर माथा टेका।

राष्ट्रपति ने भगवान सोमनाथ दादा से देश के नागरिकों के जनकल्याण और सुख-समृद्धि के लिए भावपूर्वक प्रार्थना की। उन्होंने भक्ति, भव्यता और दिव्यता के प्रतीक प्रथम ज्योतिर्लिंग के समक्ष गंगाजल अर्पित किया और दिव्य मंत्रोच्चार के बीच सोमेश्वर महापूजा कर धन्यता का अनुभव किया।

इसके पूर्व सोमनाथ मंदिर परिसर पहुंचने पर राष्ट्रपति का पर्यटन मंत्री मूलुभाई बेरा, सोमनाथ ट्रस्ट के ट्रस्टी और राज्य के पूर्व मुख्य सचिव पी.के. लहेरी, ट्रस्टी जे.डी. परमार तथा ट्रस्ट के सचिव योगेंद्र देसाई ने स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति के साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मु और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# विश्वास आधारित शासन के लिए आधुनिक कर ढांचा जरूरी : नीति आयोग

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (हि.स)। नीति आयोग ने आयकर प्रशासन में विश्वास-आधारित शासन स्थापित करने के लिए एक आधुनिक कर ढांचा अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आयोग ने आयकर अधिनियम, 2025 में सुधारों का प्रस्ताव रखा है, जिसमें छोटे-मोटे उल्लंघनों को गैर-अपराधीकरण करना, अत्यधिक न्यूनतम सजा हटाना और कारावास की कुल अवधि कम करना शामिल है। इसका उद्देश्य करदाताओं को सशक्त बनाना, त्रुटि और धोखाधड़ी में अंतर करना और आपराधिक कानून का प्रयोग केवल गंभीर मामलों में करना है। आयोग ने 35 आपराधिक प्रावधानों में से 12 को पूरी तरह गैर-अपराधी घोषित करने, 17 में केवल धोखाधड़ी या दुर्भावनापूर्ण इरादे पर आपराधिक दायित्व रखने और छह मुख्य अपराधों में आनुपातिक दंड के साथ आपराधिक बनाए रखने का सुझाव दिया है। यह कदम भारत के कर प्रशासन को अधिक निष्पक्ष, सुलभ और पूर्वानुमानित बनाने की दिशा में है।

**मप्र में कफ सीरप से बच्चों की मौत की संख्या 23 तक पहुंची**

# गिरफ्तार फार्मा कंपनी मालिक को चेन्नई से छिंदवाड़ा लेकर पहुंची एसआईटी

**छिंदवाड़ा,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। बीते एक महीने में लगातार बच्चों की मौत की खबरें आ रही हैं। हाल ही में मोरडोंगरी परासिया निवासी गर्विक (1 वर्ष) पुत्र बाबू पवार नागपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ गया। इस हादसे ने प्रदेश में भारी चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है।

**एसआईटी ने चेन्नई से रंगनाथन को गिरफ्तार किया**



: कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल के मालिक जी. रंगनाथन के खिलाफ 5 अक्टूबर को परासिया थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। मप्र सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया। बुधवार को एसआईटी टीम चेन्नई पहुंची और रात में रंगनाथन को गिरफ्तार किया।

**परासिया कोर्ट में पेशी और सुरक्षा व्यवस्था** : एसआईटी ने रंगनाथन को ट्रांजिट रिमांड के लिए गुरुवार को स्थानीय कोर्ट में पेश किया। रात में उसे फ्लाइट से नागपुर लाया गया और सुबह 10 बजे छिंदवाड़ा पहुंचाया गया। वहीं से सीधे परासिया कोर्ट के लिए रवाना किया गया। कोर्ट परिसर और आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# उधार नहीं देने पर पान दुकानदार की गोली मारकर हत्या,जांच में जुटी पुलिस

**न्यूज स्केल सुपौल**

सुपौल के सदर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम अपराधियों ने तांडव मचाते हुए पान दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान नीरज कुमार मुखिया उर्फ साजन (25) के रूप में हुई है, जो बैरो निवासी किशोर मुखिया के पुत्र थे। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई और स्थानीय लोग सदर पुलिस व प्रशासन की ओर तुरंत ध्यान दिलाने लगे।

**घटना का घटनाक्रम**



जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब 6 बजे नीरज अपनी पान की दुकान पर बैठे थे। तभी दो बदमाश उनकी दुकान पर आए और सिगरेट उधार देने की मांग की। नीरज ने उधार देने से इनकार किया, जिसके बाद बदमाशों ने उनके सीने में दो गोलियां दाग दीं। आसपास के ग्रामीणों ने नीरज को तुरंत ई-रिक्शा से सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

**परिजनों और ग्रामीणों का दुख** : नीरज के माता-पिता का इकलौता पुत्र होने के कारण परिवार पर हादसे का गहरा सदमा पड़ा है। मां गंगिया देवी और नाना धोराय मुखिया सहित अन्य परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और रो-रो कर हाहाकार मचाया। नानी अपने नाती की मौत पर बेहद टूट गई और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

**विरोध और कानूनी कार्रवाई** घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने बैरो चौक पर नवहट्टा-सुखपुर रोड को जाम कर दिया। सदर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी जांच के लिए घटनास्थल पर गए और मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# इंजीनियरिंग के 8 छात्रों में हुई लेप्टोस्पाइरा बुखार पुष्टि, कॉलेज बंद

**तिरुनेलवेली,** (हि.स.)। तिरुनेलवेली जिले के मेलाथिडियूर क्षेत्र में स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के 8 छात्रों में लेप्टोस्पाइरा बुखार की पुष्टि हुई है। इसके चलते कॉलेज को अगली सूचना तक अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश जारी किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने जनता से घबराने की बजाय सतर्क रहने की अपील की है। बताया जा रहा है कि इस कॉलेज में नेल्लई, तेनकासी और विरुधुनगर जिलों के हजारों छात्र पढ़ाई करते हैं।

पहला मामला उवारी क्षेत्र के एक छात्र में सामने आया जिसे बुखार के कारण नागरकोइल के एक अस्पताल में भर्ती किया गया था। जांच के बाद उसमें लेप्टोस्पायरोसिस (लेप्टोस्पाइरा) संक्रमण की पुष्टि हुई, जो आमतौर पर जानवरों के मूत्र से दूषित पानी के संपर्क में आने से फैलता है।




स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल कॉलेज का निरीक्षण किया। एक शिविर के दौरान 8 और छात्रों में भी इसी बुखार की पुष्टि हुई, जिनका अब इलाज चल रहा है।

निरीक्षण में सामने आया कि कॉलेज के पीछे बाढ़ के पानी से पीने और खाना पकाने का पानी लिया जा रहा था। साथ ही, कैंटीन में सड़ी हुई सब्ज़ियां और गंदगी पाई गई। इसके चलते कैंटीन का लाइसेंस अस्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है।

इस संबंध में 11 और 12 अक्टूबर को कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। छात्रावास और कैंटीन की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं छात्रों को अगले आदेश तक कॉलेज न आने की सलाह दी गई है।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि लेप्टोस्पाइरा बुखार गंदे पानी और साफ-सफाई की कमी से फैलता है। उन्होंने लोगों से साफ पानी का उपयोग करने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है।

# मनी लॉन्ड्रिंग और शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार चैतन्य बघेल की न्यायिक रिमांड 24 अक्टूबर तक बढ़ी

**रायपुर,** (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की न्यायिक रिमांड को ईडी की विशेष अदालत ने 24 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच के लिए अतिरिक्त समय की मांग को स्वीकार करते हुए उन्हें फिलहाल जेल में ही रहने का आदेश दिया।

**शराब घोटाले में 16.70 करोड़ निवेश का आरोप** : ईडी ने 18 जुलाई को चैतन्य बघेल को मनी लॉन्ड्रिंग और शराब घोटाला मामले में भिलाई स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी के अनुसार उन्होंने 16 करोड़ 70 लाख रुपये की अवैध कमाई को अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में निवेश किया और नकद भुगतान, फर्जी बैंक एंट्री तथा फ्लैट खरीदी के बहाने इस धन को उपयोग किया।



**घोटाले से जुड़ी 1000 करोड़ की राशि के आरोप :**
ईडी का आरोप है कि चैतन्य बघेल ने त्रिलोक सिंह ढिल्लो के साथ विट्ठलपुरम परियोजना में फर्जी फ्लैट खरीद की योजना बनाकर 5 करोड़ रुपये हासिल किए। जांच में यह भी सामने आया कि उन्होंने करीब 1000 करोड़ रुपये की अवैध राशि को अनवर ढेबर के माध्यम से तत्कालीन छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कोषाध्यक्ष तक पहुंचाया।

# बिहार में नामांकन प्रक्रिया के शुरू होते ही दोनों गठबंधन में सहयोगियों से बातचीत का दौर जारी

**पटना,** (हि.स.)पटना, 10 अक्टूबर (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में पहले चरण की 121 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो चुकी है लेकिन बिहार में महागठबंधन और राजग गठबंधन में सीट बंटवारे का इंतजार है।

नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राजग में सहयोगी नेताओं से बातचीत कर रही भाजपा के नेताओं ने चिराग पासवान से सीटों पर सहमति बनने के बाद जदयू के बड़े नेताओं और




उपेंद्र कुशवाहा के साथ बैठक कर ली है।

राजग में कौन कितनी लड़ेगा और कौन सी सीट लड़ेगा, इस पर सहमति बनने की अपुष्ट खबरें हैं। सीटिंग सीटों के लेन-देन को लेकर कुछ सहयोगी दलों के बीच व्यवधान है, जिसे भाजपा सुलझा रही है।

दूसरी ओर महागठबंधन में सीट बंटवारे में देरी से नाराज सीपीएम ने अपने दोनों मौजूदा विधायकों को हरी झंडी दे दी है कि वो नामांकन दाखिल कर दें। सीपीएम दावे की बाकी 9 सीटों पर सीट शेयरिंग का इंतजार करेगी।

महागठबंधन का नेतृत्व कर रही राजद और दूसरी बड़ी पार्टी कांग्रेस के बीच भी सीट पर सहमति बनने की खबर है। सीपीआई-माले और वीआईपी की सहमति के बाद वहां भी सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। राजद ने आज संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई थी जहां लालू यादव को अंतिम फैसलों के लिए अधिकृत कर दिया गया है।

महागठबंधन में भी दोनों प्रमुख दल राजद और कांग्रेस के बीच सहमति बनने की बात सामने आ रही है। चर्चा है कि लालू यादव से कांग्रेस के बड़े नेताओं की मुलाकात में लगभग 55-58 सीट लड़ने के लिए कांग्रेस तैयार हो गई है। महागठबंधन में अब मुकेश सहनी और सीपीआई-माले को मनाना ही सीट बंटवारे में बाधा है। ये दोनों 30-30 सीट मांग रहे हैं। राजद माले को 23-25 सीट देने को तैयार है लेकिन सहनी को 15 सीट लेने को कहा जा रहा है।

राजद में शुक्रवार को जदयू नेता और पूर्णिया के पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, जदयू के पूर्व विधायक राहुल शर्मा (घोसी), जदयू सांसद गिरधारी यादव के बेटे चाणक्य प्रकाश रंजन और लोजपा के पूर्व उम्मीदवार अजय कुशवाहा शामिल हो गए। संतोष कुशवाहा धमदाहा से लेशी सिंह के खिलाफ लड़ सकते हैं। राहुल शर्मा मगध के बड़े नेता जगदीश शर्मा के बेटे हैं और घोसी से ही लड़ सकते हैं।

भाजपा के नेता सम्राट चौधरी के आवास पर शुक्रवार को भाजपा और जदयू के बड़े नेताओं की 45 मिनट लंबी मीटिंग हुई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, ललन सिंह, विजय चौधरी, उमेश कुशवाहा बैठक में शामिल रहे। चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा से भाजपा ही बात हो गई है, जल्द ही सीटों को लेकर अंतिम मुहर लग जायेगी।

मीटिंग में भाजपा ने पासवान, मांझी और कुशवाहा से बाचतीत का अपडेट जदयू को दिया और सीटों का मसला सुलझाने पर चर्चा की। लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने शुक्रवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि राजग के अंदर कौन, कहां से लड़ेगा, किन सीटों पर लड़ेगा, सभी पर चर्चा की जा रही है। चिराग ने यह जरूर कहा कि बातचीत सम्मानजनक और सकारात्मक हो रही है।

# पटना में प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव को लेकर हुई प्रेस ब्रीफिंग

**पटना,** (हि.स.)जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना और वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना ने बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के प्रथम चरण की अधिसूचना के परिप्रेक्ष्य में संयुक्त रूप से प्रेस ब्रीफिंग की। दोनों अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी और सहभागितापूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी स्तरों पर अधिकारी और कर्मचारी इसके लिए पूरी तरह सजग, तत्पर और प्रतिबद्ध हैं।

**निर्वाचन तंत्र की तैयारी:**




अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता के लिए निर्वाचन विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से व्यापक तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। मतदान केन्द्रों की सुरक्षा, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि हर मतदान केंद्र पर पर्यवेक्षण के लिए पर्याप्त अधिकारियों की तैनाती होगी।

**सुरक्षा और शांति:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता होगी। जिले के सभी पुलिस स्टेशनों को सक्रिय कर दिया गया है और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। उन्होंने मतदाता और उम्मीदवार दोनों को भरोसा दिलाया कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की हिंसा या भय की स्थिति नहीं बनने दी जाएगी।

**मतदाता जागरूकता और सहभागिता:** ; जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों या गलत सूचना से प्रभावित न हों। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव में जनता की सहभागिता ही लोकतंत्र की मजबूती है और इसके लिए प्रशासन सभी आवश्यक कदम उठा रहा है।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : सीपीआई ने 24 संभावित उम्मीदवारों की सूची तेजस्वी यादव को सौंपी, सीट बंटवारे पर जारी है बातचीत

**पटना,** (हि.स.)

**सीट बंटवारे पर जारी चर्चा – सीट शेयरिंग को लेकर महागठबंधन के घटक दलों के बीच बातचीत जारी है।**

-------------

**डी. राजा का बयान – सीपीआई महासचिव डी. राजा ने कहा कि पार्टी एनडीए को हराकर जनता की भलाई के लिए प्रतिबद्ध सरकार बनाना चाहती है।**

-------------

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर वाम दलों की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। सीपीआई के महासचिव डी. राजा ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी ने 24 संभावित उम्मीदवारों की सूची इंडिया ब्लॉक के संयोजक तेजस्वी



यादव को सौंप दी है। फिलहाल सीट बंटवारे पर चर्चा जारी है। पटना में आयोजित सीपीआई राज्य परिषद की बैठक में डी. राजा ने कहा कि सीपीआई, इंडिया ब्लॉक का एक सक्रिय घटक दल है और एनडीए सरकार को हराकर जनता के हित में कार्य करने वाली सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में सीपीआई ने 6 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें 2 पर जीत हासिल हुई थी। इस बार पार्टी जनता के मुद्दों—शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई, भूमि सुधार और पलायन—को प्रमुख एजेंडा बनाएगी। राजा ने कहा कि पिछले दो दशकों में एनडीए शासन के दौरान बिहार को भारी नुकसान हुआ है। भ्रष्टाचार और अपराध बढ़े हैं, जबकि केंद्र सरकार ने कॉरपोरेट समर्थक और जनविरोधी नीतियां अपनाई हैं, जिससे महंगाई और बेरोजगारी में वृद्धि हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर इंडिया ब्लॉक की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया और कहा कि भाजपा राज्य की राजनीति पर वर्चस्व जमाने की कोशिश कर रही है, जिससे बिहार "सांप्रदायिक और फासीवादी ताकतों के खतरे" का सामना कर सकता है। राजा ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पूरे देश की निगाहें बिहार चुनाव पर टिकी हैं। सीपीआई जनता की भलाई और प्रगतिशील बिहार के निर्माण के लिए संघर्षरत रहेगी।

# बिहार के मुजफ्फरपुर में दो वाहनों की भिड़ंत में चार लोगों की मौत

**पटना,** (हि.स.)बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थानाक्षेत्र के खेमाईपट्टी गांव में ट्रैक्टर और पिकअप की भिड़ंत में चार की मौत हो गई है, जबकि दो लोगों गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर शाम मुजफ्फरपुर के मीनापुर में समस्तीपुर जिले के सीयूरी स्थान से मेला देखकर 20 से 25 की संख्या में लोग पिकअप वाहन से घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में मीनापुर के खेमाईपट्टी और दरही पट्टी के बीच पिकअप-ट्रैक्टर की सीधी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में अभी तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।मृतकों के आश्रितों ने बताया कि सभी मृतक पिकअप के डाला में बैठकर समस्तीपुर के सीयूरी मेला देखने गए थे। अधिकांश लोग मीनापुर थाना क्षेत्र के ही अलग-अलग गांव के



थे। मेला देखकर लौटने के क्रम में पिकअप और ट्रैक्टर की टक्कर हुई है। मृतकों में मीनापुर के पूरनिया निवासी तीन लोग हैं, जबकि चौथा दूसरे गांव का है।स्थानीय थाना के 112 पर तैनात एएसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि गस्ती के क्रम में उन लोगों ने देखा कि एक पीकअप और ट्रैक्टर में टक्कर हो चुकी है। कुछ को लोकल गाड़ी से और शेष को पुलिस गाड़ी से एसकेएमसीएच लाया गया। घटना में तीन वयस्क और एक बच्ची की मौत हो गई है, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं।

# राज्यव्यापी संघन अभियान के दौरान 2,09,912 लीटर अवैध शराब जब्त

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान राज्य में पूर्ण शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा 01 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक राज्यव्यापी सघन अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान 2,09,912 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव अजय यादव ने आज पत्रकार वार्ता में कहा कि इस अवधि में कुल 33,767 छापेमारियां की गईं, जिनमें से 5,865 मामलों में अभियोग दर्ज किए गए तथा 6,580 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान 2,09,912 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए




विभाग द्वारा राज्य के सभी सीमावर्ती जिलों, प्रमुख चेक पोस्टों, दरियाई क्षेत्रों, ढाबा-रेस्तरांओं एवं संवेदनशील स्थलों पर 24×7 सतर्क निगरानी रखी जा रही है।

अजय यादव ने कहा कि मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा राज्य में शराब की बिक्री, भंडारण, निर्माण और सेवन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए व्यापक कार्रवाई जारी है। जिले स्तर पर संवेदनशील स्थलों, मुख्य मार्गों एवं अंतरराज्यीय सीमाओं पर सतत छापेमारी, गश्त और वाहनों की जांच की जा रही है। विभागीय टीमें अत्याधुनिक तकनीकों जैसे हैंडहेल्ड स्कैनर, ड्रोन, स्निफर डॉग, ब्रेथ एनालाइजर, मोटरबोट और मोबाइल यूनिट की सहायता से निरंतर जांच एवं निगरानी अभियान संचालित कर रही हैं।सचिव यादव ने कहा कि विभाग, मद्यनिषेध टीम, पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के सहयोग से संयुक्त टीमों का गठन कर सघन छापेमारी एवं निगरानी अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग अवैध शराब के भंडारण, परिवहन एवं बिक्री पर पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु पूरी तरह सक्रिय और प्रतिबद्ध

# पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने प्रशांत किशोर से की मुलाकात

**पटना,** (हि.स. भोजपुरी सिंगर और अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रही खींचतान के बीच आज ज्योति सिंह ने पटना में जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर से मुलाकात की। शेखपुरा हाउस में जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर से ज्योति सिंह की मुलाकात के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मकसद चुनाव लड़ना या टिकट मांगना नहीं है।

ज्योति सिंह ने कहा कि "मैं यहां टिकट मांगने या चुनाव लड़ने के लिए नहीं आई हूं। मेरा उद्देश्य सिर्फ इतना है कि जो अन्याय मैंने झेला है, वैसा कोई और महिला न झेले। मैं उन सभी पीड़ित महिलाओं की आवाज बनना चाहती हूं। इसी सोच के साथ मैं प्रशांत किशोर से मिलने आई थी। हमारी बातचीत में चुनाव या टिकट से जुड़ा कोई विषय



नहीं उठा।"

प्रशांत किशोर ने मुलाकात के बाद कहा कि ज्योति सिंह एक बिहारी महिला के रूप में मुझसे मिलीं। उन्होंने चुनाव लड़ने की न तो बात की और न ही टिकट मांगा। वे एक गंभीर अन्याय का सामना कर रही हैं और चाहती हैं कि बिहार में किसी और महिला को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

उन्होंने आगे कहा कि जन सुराज उनकी सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनके साथ है, लेकिन पारिवारिक मामलों में पार्टी कोई भूमिका नहीं निभा सकती। मैंने उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि उन्हें कानून के दायरे में रहकर अपनी लड़ाई लड़नी चाहिए।

प्रशांत किशोर ने यह भी स्पष्ट किया कि "पवन सिंह मेरे मित्र हैं और उनके पारिवारिक मामलों पर मैं कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। लेकिन अगर ज्योति सिंह मुझसे मिलने आई हैं, तो एक सामाजिक जिम्मेदारी के तहत उनकी बात सुनना मेरा फ़र्ज़ बनता है। उन्होंने मुझसे किसी प्रकार की व्यक्तिगत या राजनीतिक मांग नहीं की है।

# कोचिंग से लौट रहे इंटर छात्र की ट्रेन से कटकर मौत

**पटना,** (हि.स.) भोजपुर जिले के दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में इंटरमीडिएट छात्र की मौत हो गई। यह घटना आरा रेलवे स्टेशन के समीप जगदेव नगर इलाके में घटी, जहां कोचिंग से लौट रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

मृतक की पहचान बहोरनपुर थाना क्षेत्र के बहोरनपुर गांव निवासी अनिल राय के पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में हुई




है। जानकारी के अनुसार, हिमांशु महाराजा हाता स्थित एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाई करता था। रोज की तरह शुक्रवार को भी वह कोचिंग खत्म कर अपने किराए के मकान जगदेव नगर लौट रहा था। इसी दौरान रेल लाइन पार करते वक्त अचानक गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को आरा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां दोपहर करीब 1 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।

# महागठबंधन में सीट बंटवारे के टेंशन के बीच झामुमो ने की 12 सीटों की मांग

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आज से प्रथम चरण के चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो गयी है। बावजूद इसके गठबंधन और महागठबंधन दोनों में ही अब तक सीट बंटवारे को लेकर खिंचतान जारी है। इस बीच महागठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) बिहार में कम से कम 12 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारना चाहती है।

जेएमएम के महासचिव विनोद कुमार पांडे के अनुसार पार्टी ने अपनी मंशा से महागठबंधन के नेताओं को अवगत करा दिया हैं।

अब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के बीच चर्चा के बाद ही सीटों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सीट बंटवारे को अगले एक-दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। जेएमएम की नजर मुख्य रूप से झारखंड से सटे आदिवासी बहुल सीमावर्ती इलाकों की सीटों पर है, जिनमें तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, पीरपैंती, ठाकुरगंज, बांका, रूपौली, चकाई, जमालपुर, बनमनखी और रामनगर शामिल हैं।

महागठबंधन में पहले से ही कांग्रेस, वाम दल, और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) भी अपने लिए अधिक से अधिक सीटों की मांग कर रहे हैं। इस खींचतान के चलते महागठबंधन ने अभी तक सीटों और अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं कर पाए हैं।

# लालू प्रसाद यादव ही करेंगे राजद में सीटों और उम्मीदवारों का चयन

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए राजद में सीटों और उम्मीदवारों का चयन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ही करेंगे। यह निर्णय शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के केंद्रीय संसदीय दल की बैठक मे लिया गया।शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित सरकारी आवास पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में आयोजित राजद की राज्य और केंद्रीय संसदीय दल की बैठकों में यह निर्णय लिया गया।

बैठक के पहले चरण में राज्य संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें तेजस्वी यादव ने भाग लिया। इसके बाद केंद्रीय संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें लालू यादव भी मौजूद रहे। राज्य संसदीय दल ने लालू यादव को सीट और उम्मीदवार तय करने के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव को बाद में केंद्रीय संसदीय दल ने भी मंजूरी दे दी। इस दौरान लालू प्रसाद यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि इस बार बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनानी है। संसदीय दल के सभी सदस्यों ने इस लक्ष्य को लेकर संकल्प भी पारित किया।

# मीडिया प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण : आचार संहिता अनुपालन एवं विज्ञापन प्रमाणन पर विस्तृत जानकारी

## पूर्णिया में जिला प्रशासन की पहल — निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर मीडिया सर्टिफिकेशन मॉनिटरिंग कमेटी (MCMC) की भूमिका पर विस्तृत चर्चा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशानुसार मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण महानंदा सभागार, पूर्णिया में वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सिलिंग एवं नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एमसीएमसी एवं मीडिया कोषांग द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न हुआ।

**MCMC समिति का उद्देश्य : निष्पक्ष और पारदर्शी प्रचार सुनिश्चित करना**

प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तर पर गठित मीडिया सर्टिफिकेशन मॉनिटरिंग कमेटी (MCMC) के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि समिति का मुख्य कार्य भ्रामक, आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले या बिना अनुमोदन के प्रसारित राजनीतिक विज्ञापनों की निगरानी करना है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चुनावी अवधि में प्रसारित सभी राजनीतिक विज्ञापन निष्पक्ष, सत्य और निर्वाचन आयोग की आचार संहिता के अनुरूप हों।

**राजनीतिक विज्ञापन के लिए पूर्व प्रमाणन अनिवार्य**

प्रशिक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि किसी भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि द्वारा टीवी, रेडियो, केबल नेटवर्क, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या सिनेमा हॉल पर कोई भी विज्ञापन



मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे उपस्थित अधिकारी

(ऑडियो, वीडियो, टेक्स्ट या ग्राफिक स्वरूप में) प्रसारित करने से पहले MCMC से पूर्व स्वीकृति लेना अनिवार्य है। बिना प्रमाणन के प्रसारित कोई भी विज्ञापन आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएग

**सोशल मीडिया और डिजिटल विज्ञापनों पर भी निगरानी**

फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), व्हाट्सएप आदि प्लेटफॉर्म पर डाले जाने वाले पेड या स्पॉन्सर्ड कंटेंट को भी प्रमाणन प्रक्रिया से गुजरना होगा। हालांकि, व्यक्तिगत अकाउंट से की गई सामान्य राजनीतिक अभिव्यक्ति को प्रमाणन की आवश्यकता नहीं होती, परंतु यदि वह प्रचार स्वरूप या भुगतान आधारित है, तो अनुमोदन अनिवार्य है।

**पेड न्यूज की पहचान और कार्रवाई की प्रक्रिया**

प्रशिक्षण में बताया गया कि समिति का एक प्रमुख दायित्व पेड न्यूज की पहचान और रिपोर्टिंग करना भी है।
किसी समाचार पत्र, चैनल या पोर्टल पर यदि किसी उम्मीदवार या दल के पक्ष में विज्ञापन जैसा समाचार प्रकाशित होता है, तो MCMC इसे रिपोर्ट कर सकती है। ऐसे मामलों में संबंधित उम्मीदवार के चुनाव व्यय खाते में राशि जोड़ी जाएगी।

**आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेज़**

» राजनीतिक दलों को अपने विज्ञापन की स्क्रिप्ट या वीडियो की प्रति के साथ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित Form MCMC-1 जमा करना होगा।
» आवेदन कम से कम 48 घंटे पहले जमा किया जाना अनिवार्य है।
» समिति द्वारा जांच, परीक्षण एवं प्रमाणन के बाद ही विज्ञापन प्रसारित किया जा सकेगा।
» आचार संहिता का पालन और निष्पक्षता की अपेक्षा
» प्रशिक्षण में यह भी दोहराया गया कि किसी भी विज्ञापन में किसी जाति, धर्म, भाषा या समुदाय के प्रति भेदभावपूर्ण, नफरत फैलाने वाली या झूठी सामग्री नहीं होनी चाहिए।
» राष्ट्रीय प्रतीक, तिरंगा, सेना या संविधान के अनुचित प्रयोग पर कठोर प्रतिबंध रहेगा।
» निगरानी, रिपोर्टिंग और नोटिस की प्रक्रिया
» चुनाव अवधि में समिति के मीडिया मॉनिटरिंग रूम से सभी चैनलों, अखबारों और सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी।
» किसी संदिग्ध सामग्री की क्लिपिंग या स्क्रीनशॉट लेकर जांच की जाएगी। यदि किसी समाचार को पेड न्यूज माना गया, तो संबंधित उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जाएगा और स्पष्टीकरण का अवसर दिया जाएगा।
» संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (CEO) बिहार को भेजी जाएगी।

**राजनीतिक दलों से अपील**

प्रशिक्षण के अंत में मीडिया प्रतिनिधियों को यह सलाह दी गई कि संबंधित राजनीतिक दल अपने मीडिया प्रभारी को प्रमाणन प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दें, तथा प्रचार सामग्री समय से जमा करें ताकि अंतिम क्षणों में किसी प्रकार की देरी न हो।
केवल समिति से प्रमाणित सामग्री को ही मीडिया में प्रसारित किया जाए।

## देशी शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

सहायक खजांची थाना के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुल 08 लीटर देशी शराब ज़प्त की और तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ,गिरफ्तार अभियुक्त हैःछोटू उरांव, उम्र 22 वर्ष, पिता स्व0 रूसा उरांव,मुकेश उरांव, उम्र 20 वर्ष, पिता सुखा उरांव,शिव कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता बबलू उरांवसभी अभियुक्त सा0 माधोपाड़ा दुर्गास्थान, थाना सहायक खजांची, जिला पूर्णिया के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि सभी अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है

## डीएम ने किया एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र का औचक निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बुनियादी सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश**

विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने समाहरणालय स्थित एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र एवं हेल्प डेस्क कोषांग का औचक निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि केंद्र की दीवारें जर्जर स्थिति में हैं और रोशनी, पंखा एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मौके पर



मौजूद कोषांग के वरीय प्रभारी, नोडल पदाधिकारी और जिला नजारत शाखा के प्रभारी को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
निर्देश में कहा गया कि बुनियादी सुविधाओं जैसे रोशनी, पंखा, साफ-सफाई, पेंटिंग आदि कार्य तुरंत कराए जाएँ ताकि केंद्र की कार्यक्षमता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, जिला नियंत्रण कक्ष में विभिन्न कोषांग से संबंधित बैनर एवं होर्डिंग भी लगाने का आदेश दिया गया।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी याद दिलाया कि चुनावी प्रक्रिया की सफलता के लिए कमान और नियंत्रण केंद्र की तैयारी एवं सुव्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी सुधार कार्य समयबद्ध तरीके से संपन्न किए जाएँ।

## आँगनबाड़ी केंद्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम : दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सुविधा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**पूर्णिया जिला में स्वीप कोषांग की पहल — हर वोट का महत्व समझाने के लिए आयोजित की गईं गतिविधियाँ**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशानुसार, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आँगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के पोषण माह अंतर्गत आयोजित गतिविधियों के साथ समन्वित रूप से संपन्न हुआ।

**दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सुविधा**




कार्यक्रम के दौरान सभी आँगनबाड़ी केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं (PWD) को उनके वोट के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। अधिकारियों ने बताया कि हर वोट, हर भागीदारी, हर आवाज लोकतंत्र की नींव को मजबूत करती है।

**मतदान केंद्रों पर रैंप और व्हीलचेयर की व्यवस्था**

दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संबंधित मतदान केंद्रों पर रैंप और व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। परिवार के सदस्यों से अपील की गई कि वे अपने दिव्यांगजन मतदाताओं को लेकर मतदान केंद्र पहुँचें और उनका मतदान सुनिश्चित करें।

**स्वीप कोषांग की पहल और गतिविधियाँ**

स्वीप कोषांग द्वारा आयोजित गतिविधियों में बच्चों और परिवारों के साथ-साथ मतदाता जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। आँगनबाड़ी सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिकाओं और बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता संदेश पहुँचाया और लोकतंत्र में भागीदारी का महत्व समझाया।

**जागरूकता और सहभागिता का संदेश**

जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की कि वे समय पर मतदान केंद्र पहुँचें और अपने कर्तव्य का पालन करें। यह पहल विशेष रूप से उन मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण है जो किसी भी कारणवश मतदान में पिछड़ सकते हैं।

# पूर्णिया में मासिक अपराध गोष्ठी : चुनावी सुरक्षा पर विशेष फोकस

## पुलिस अधीक्षक ने थानों को दिए निर्देश, वांछित अभियुक्तों और असामाजिक तत्वों पर निगरानी बढ़ाने का आह्वान

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिले में आगामी चुनावों को शांतिपूर्ण और भयमुक्त संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षकस्वीटी सहरावत ने शुक्रवार को मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में जिले के सभी थानों के अपराध आंकड़े, कांडों के निष्पादन, वारंट निष्पादन और अन्य संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लंबित वारंटों का निष्पादन, मादक पदार्थ और अवैध आग्नेयास्त्र की बरामदगी पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन किया जाए और असामाजिक तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
गोष्ठी में यह भी कहा गया कि संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी, गश्त और चौकसी बढ़ाई जाए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को मतदाता सुरक्षा, मतदान केंद्रों की निगरानी और चुनावी माहौल की शांति बनाए रखने की



जिम्मेदारी दोहराई।थानों द्वारा प्रस्तुत मासिक अपराध डेटा की समीक्षा में वारंट निष्पादन की सफलता, मादक पदार्थ बरामदगी और अवैध हथियारों की रोकथाम पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी कार्रवाईयों का सटीक रिकॉर्ड रखा जाए और किसी भी लापरवाही की स्थिति में कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।जिले में चुनावी तैयारी के तहत सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को और मजबूत बनाने के लिए सभी थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश और सतत निगरानी सुनिश्चित की गई

## पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने जेडीयू छोड़ी, राजद की सदस्यता ग्रहण की

### धमदाहा से संभावित विधानसभा उम्मीदवार होने के लगाए जा रहें हैं कयास

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने 11 वर्षों के बाद शुक्रवार को जनता दल (यूनाइटेड) को छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का दामन थाम लिया। वे जेडीयू से दो बार पूर्णिया से सांसद रह चुके हैं और बीते चुनाव में निर्दलीय पप्पू यादव के हाथों लगभग 23 हजार मतों से पराजित हुए थे।
ऐसी संभावना जताई जा रही है कि वे धमदाहा से राजद के उम्मीदवार होंगे और उनका मुकाबला बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह से हो सकता है।

**तेजस्वी यादव की उपस्थिति में किया सदस्यता ग्रहण**

श्री कुशवाहा ने राजद की सदस्यता नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी



यादव के पटना पोलो रोड स्थित आवास पर ग्रहण की। इस अवसर पर श्री यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि कुशवाहा के आने से पार्टी को कोसी-सीमांचल क्षेत्र में मजबूती मिलेगी और सामाजिक न्याय की लड़ाई तेज होगी।

**संतोष कुशवाहा ने जेडीयू छोड़ने का कारण बताया**

कुशवाहा ने कहा कि जिस जेडीयू को वे जानते थे, वह अब वह जेडीयू नहीं रही। उनके अनुसार, पार्टी पर ऐसे लोगों का कब्जा हो चुका है जो दलित, पिछड़ा और गरीब विरोधी मानसिकता के हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में पार्टी में रहकर सामाजिक न्याय की लड़ाई संभव नहीं थी, इसलिए उन्होंने राजद का दामन थाम लिया। उन्होंने लालू यादव और तेजस्वी यादव मे आस्था व्यक्त की और कहा जो भी जिम्मेदारी सौंपेंगे, उसका वे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

## पूर्णिया मे निर्वाचक अधिकारियों की दक्षता की जांच परीक्षा सम्पन्न

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की प्रक्रिया को गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) द्वारा पूर्व में सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया था। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सूची, मतदान उपकरण और आचार संहिता के अनुपालन के प्रति संपूर्ण जानकारी और दक्षता प्रदान करना था। इसी क्रम में शुक्रवार को



जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने महानंदा सभागार, पूर्णिया में सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी की दक्षता की जांच परीक्षा आयोजित की। परीक्षा में विभिन्न निर्वाचन से संबंधित प्रक्रियाओं, प्रपत्रों और मतदान संचालन की सटीक समझ को परखा गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया कि वे निर्वाचन कार्यों में समयबद्धता, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखें। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर मतदाता सुविधा, शिकायत निवारण और आचार संहिता पालन पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। परीक्षा के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि सभी निर्वाची अधिकारी मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पूरी दक्षता और तैयारी के साथ तैनात हों, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न हो सके।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शहर में सख्त वाहन जांच



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक पूर्णिया के आदेशानुसार शुक्रवार की संध्या बेला में पूर्णिया शहर में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य चुनावी माहौल को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाए रखना और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाना था। पुलिस ने शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में वाहनों की सख्त जांच की। संदिग्ध वाहनों की तलाशी के साथ-साथ ड्राइवर और यात्रियों से आवश्यक पूछताछ की गई। अभियान के दौरान अवैध मादक पदार्थ, हथियार और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद करने पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाता सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सर्वोपरि है। हिंसा की आशंका

## उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने शोक संतप्त परिवारों से भेंट कर जताई संवेदना

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

नगर निगम की उपमहापौर श्रीमती पल्लवी गुप्ता ने शुक्रवार को दो शोकाकुल परिवारों के आवास पर जाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्रीमती गुप्ता भोगा करियात पंचायत के भटगामा गांव पहुंचीं, जहां उन्होंने लक्ष्मी प्रसाद पोद्दार के निधन पर शोक प्रकट किया। उन्होंने दिवंगत के सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए परिजनों से मुलाकात की और



ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके पश्चात वे गौरा पंचायत के छोटकी मझुआ गांव गईं, जहां उन्होंने श्रीमती सीता देवी (धर्मपत्नीः श्री कमलदेव ऋषि) के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने परिजनों के साथउपस्थित ग्रामीणों से भी भेंट कर संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर उपमहापौर ने कहादुःख की इस घड़ी में हम सभी शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें ।

न्यूज़ स्केल



# नियमों की सख्ती : पूर्णिया में फायरआर्म लाइसेंस नवीनीकरण में अनियमितता पर प्रशासन के तेवर तल्ख ,कई लाइसेंस सस्पेंड

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिले में फायरआर्म लाइसेंस के नवीनीकरण प्रक्रिया में अनियमितताएँ सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। इस वर्ष 2025 में फायरआर्म लाइसेंसधारियों के रिन्यूअल की जांच में यह पाया गया कि कई लोगों ने निर्धारित समय सीमा में अपने लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया। प्रशासन ने सभी देरी करने वाले लाइसेंस को रद्द ( सस्पेंड ) कर दिया है। यह कार्यवाई जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लागू की गई है। जिला प्रशासन के अनुसार, लाइसेंसधारियों को पहले ही 10 जून और 7 जुलाई 2025 को समय-सीमा के भीतर नवीनीकरण के निर्देश जारी किए जा चुके थे। इसके बावजूद, कुल 29 लाइसेंसधारकों ने नियमों का पालन नहीं किया। इसमें देओरही, चंपानगर, कासबा, खजांची और क.नगर थाना क्षेत्र के कई नाम शामिल हैं,




**प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन गंभीर मामला है**

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन गंभीर मामला है। फायरआर्म के समय पर नवीनीकरण न होने से न केवल कानूनी जिम्मेदारी प्रभावित होती है, बल्कि जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। विशेष रूप से बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की निकटता में यह कदम महत्वपूर्ण है। चुनाव के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने फायरआर्म लाइसेंस की सख्ती से समीक्षा करने और अनियमितताओं पर तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

**संबंधित थाना प्रभारियों को हिदायत मामलों में त्वरित कार्रवाई हो सुनिश्चित**

जिला पुलिस ने सभी संबंधित थाना प्रभारियों को हिदायत दी है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके तहत नियमों के उल्लंघन करने वालों को कानूनी नोटिस दिया जाएगा और आवश्यक होने पर उनके हथियारों को जब्त किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी कहा कि सभी लाइसेंसधारक अपने दस्तावेज समय पर जमा कर नियमों का पालन करें, अन्यथा उन्हें कानून के तहत जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

**प्रशासन हर स्तर पर सतर्क**

सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि फायरआर्म लाइसेंसधारियों की नियमित जांच का उद्देश्य जिले में सुरक्षित और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है। आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में किसी भी असामाजिक गतिविधि को रोकने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन हर स्तर पर सतर्क है। इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया कि कानून के पालन में कोई ढील नहीं बरती जाएगी। प्रशासन ने कहा कि समय पर रिन्यूअल न करने वाले लाइसेंसधारक भविष्य में किसी भी गतिविधि में शामिल होने से पहले अपने लाइसेंस को वैध कराएं और सभी नियमों का अनुपालन करें।

## ऑपरेशन मुस्कान :22 लाख रुपये मूल्य की 55 मोबाइल एसपी ने मोबाइल धारकों को लौटाया ,लौट आयी चेहरे पर मुस्कान

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



शुक्रवार को उन मोबाइल धारकों के चेहरे पर मुस्कान और दिल मे सुकून के साथ पूर्णिया पुलिस के लिए जुबां पर दुआएं थीं ,जिनके खोए हुये मोबाइल को पूर्णिया पुलिस ने खोज निकाल था और पुलिस कप्तान के हाथों उन्हें सौंपा गया ।दरअसल जिले में खोए हुए मोबाइल की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक पूर्णिया सुश्री स्वीटी सहरावत के निर्देश पर तकनीकी शाखा ने चलाया विशेष अभियान "ऑपरेशन मुस्कान"। इस अभियान के तहत पूर्णियाँ जिले के विभिन्न थानों में दर्ज शिकायतों के आधार पर कुल 55 मोबाइल बरामद किए गए, जिनका अनुमानित मूल्य लगभग 22,00,000/- रुपये ( बाईस लाख रुपये ) है।

शुक्रवार को बरामद मोबाइल उनके मालिकों को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया ने कहा, "हमारा लक्ष्य केवल चोरी हुई संपत्ति लौटाना नहीं है, बल्कि जनता में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ाना भी है। हर नागरिक को यह भरोसा होना चाहिए कि पुलिस हर समय उसके साथ खड़ी है।"

**टेक्निकल टीम और अभियान की सफलता:**

पुलिस कप्तान पूर्णियाँ, सुश्री स्वीटी सहरावत ने बताया कि तकनीकी शाखा की टीम ने अत्याधुनिक तकनीक और थानों में दर्ज शिकायतों का विश्लेषण कर तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित की। बरामदगी अभियान में तकनीकी टीम के सदस्य – प्रभारी तकनीकी शाखा संजीत कुमार, पीटीसी/444 नित्यानंद दूबे, सि0/26 शाश्वत रंजन, सि0/786 चंदन कुमार, सि0/621 मिथुन कुमार, और सि0/1151 अमित कुमार राय – ने अहम भूमिका निभाई।

**जनता की प्रतिक्रिया:**

मोबाइल वापस मिलने के बाद नागरिकों ने पुलिस की तत्परता की प्रशंसा की। एक मालिक ने कहा, "हमारा विश्वास पुलिस पर और मजबूत हुआ। चोरी हुआ मोबाइल वापस मिलना हमारे लिए बड़ी राहत है। ऑपरेशन मुस्कान ने हमें सुरक्षा और खुशी दोनों दी।"

## विधायक विजय खेमका ने शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात, दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजलि

**न्यूज स्केल हरदा**

सदर विधायक विजय खेमका शुक्रवार को पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के ईस्ट ब्लॉक के भोगा भटगामा पहुंचे और हाल ही में देवलोक गमन स्व0 लक्ष्मी प्रसाद पोद्दार तथा स्व0 राम किशन पोद्दार के परिजनों से मुलाकात की शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में ईश्वर परिवार जनों को संबल दें ।



इसके अलावा विधायक ने भटगामा में श्री मंटू मिस्त्री के माता जी के श्राद्ध में भी शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उन्होंने गुलाबबाग हांसदा निवासी नारद नारायण राय के परिवार से मुलाकात की, जिनकी धर्मपत्नी का निधन हुआ था, उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर विधायक ने कहा कि किसी अपने को खोने का दुख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता और परिवार के सदस्यों को इस गहन शोक की घड़ी में धैर्य और शक्ति मिले, यही उनकी ईश्वर से प्रार्थना है इस अवसर पर विधायक के साथ विजय मांझी, मंगल पोद्दार, मनोज गोस्वामी, महेश चौहान, अविनीश पोद्दार, अशोक पोद्दार और वेणु दा भी मौजूद थे।

## चंपानगर में संध्या गश्ती के दौरान 32 लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए चंपानगर थाना पुलिस ने कल संध्या गश्ती के दौरान कार्रवाई की। इस दौरान कुल 32 लीटर देशी शराब जप्त की गई और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त विनोद विश्वास, उम्र 55 वर्ष, पुत्र स्व0 जगदीश विश्वास, निवासी सा0 चंपानगर, विश्वास टोली, वार्ड संख्या 08, थाना चंपानगर, जिला पूर्णिया का निवासी है । पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर कड़ी निगरानी का संकेत है। अधिकारियों ने जनता से अपील की कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना पुलिस को दें, ताकि कानून का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## केनगर में विवाहिता की संदेहास्पद मौत, पति और ससुराल पक्ष के छह लोगों पर हत्या का आरोप

**न्यूज स्केल केनगर/हरदा**

कृत्यानंद नगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत के वार्ड संख्या-1, बैरगाछी गांव में गुरुवार रात एक 30 वर्षीय विवाहिता जुली देवी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई।मृतिका के पिता चंदेश्वरी पासवान ने केनगर थाना में आवेदन देकर दामाद सेवल पासवान, दामाद की भाभी सप्ती देवी, सुरेश पासवान, फूलों पासवान, पुतुल देवी और भुदनी देवी पर अपनी पुत्री की हत्या का आरोप लगाया। आवेदन में पिता ने बताया कि देर रात उनके नाती शनि कुमार ने फोन कर सूचना दी कि उनकी मां को जान से मार दिया गया है। पिता



घटनास्थल पर पहुंचे तो बेटी का शव मृत अवस्था में मिला। घटना की सूचना पर केनगर थाना पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतिका के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया। पुलिस ने सभी आरोपितों को फरार बताया है।थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि पिता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक जांच शुरू कर दी गई है। एफएसएल टीम और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद मृतिका के दो बच्चे, नाना-नानी और अन्य परिजन रो-रो कर बेसुध हो गए। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया गया मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह, विद्यार्थियों में जागरूकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 तक मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। यह आयोजन विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर) के उपलक्ष्य में किया गया, जिसका इस वर्ष का विषय था **समुदाय: मिलकर मानसिक स्वास्थ्य का सहारा दें।**




सप्ताह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में मनोवैज्ञानिक सुरक्षा, आत्म-जागरूकता और लचीलापन (resilience) को बढ़ावा देना था। इस दौरान पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, भाषण, कविता-पाठ, पुस्तक समीक्षा, नुक्कड़ नाटक और फिल्म/डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों को भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने में मदद की।

**कार्यक्रम में छात्र भागीदारी और रचनात्मक गतिविधियाँ**

सप्ताह भर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य और सहायक समाज के संदेश को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक और फिल्म/डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन ने छात्रों को सामाजिक और भावनात्मक जागरूकता के प्रति संवेदनशील बनाया।

**डिजिटल डिटॉक्सिफिकेशन कार्यशाला का आयोजन**

सप्ताह का प्रमुख आकर्षण विद्यालय की छात्र परामर्शदाता श्रीमती साउथ्या अर्शी द्वारा आयोजित "डिजिटल डिटॉक्सिफिकेशन" सत्र था। इस कार्यशाला में छात्रों को अत्यधिक स्क्रीन समय के दुष्प्रभाव और स्वस्थ डिजिटल आदतें अपनाने के तरीके बताए गए। विद्यार्थियों ने इसे बहुत लाभदायक और ज्ञानवर्धक बताया।

**प्रशासनिक और समुदायिक समर्थन**

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती किस्मत आरा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। निदेशक डॉ. असद इमाम और सहायक निदेशक आदिल इमाम ने भी इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में भावनात्मक जागरूकता, आत्म-अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करती हैं।

## चम्पानगर में बिजली करंट से युवक की मौत, परिजन हुए बेसुध

**न्यूज स्केल हरदा**

चम्पानगर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चम्पानगर के वार्ड संख्या-8 स्थित चम्पानगर गाँव में शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे बिजली करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक रोहित राय (27 वर्ष), पुत्र गिरजानंद राय, घर में अकेला था। अचानक बिजली करंट लगने के बाद वह बेहोश हो गया। उसे इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव घर लौटते ही



परिजन इसे अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र स्थित मझलत्ता गाँव ले गए, यह आशा लिए कि तांत्रिक उसे जिंदा कर देगा। लेकिन तांत्रिक ने भी शव को मृत घोषित किया। शव घर लौटते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। मृतक के पिता गिरजानंद राय, माता माखन देवी, पत्नी टुन टुन देवी, तीन साल का पुत्र ऋतिक, 15 माह की पुत्री ऋतिका एवं सगे संबंधी लिपट कर रोते रहे। स्थानीय लोगों ने घटना को हृदय विदारक बताया। मृतक का अंतिम संस्कार कारी कोशी नदी तट के श्मशान घाट में शुक्रवार शाम को कर दिया गया।

## मरंगा पुलिस की कार्रवाई, 07 लीटर देशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**न्यूज स्केल केनगर**

मरंगा थाना पुलिस ने नशा के विरुद्ध कार्यवाई करते हुए गुरुवार को अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी कर 07 लीटर देशी शराब बरामद की ,इस दौरान मारंगा पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पुलिस ने छोटू ऋषि (26 वर्ष), पिता स्व. सुनील ऋषि, निवासी अम्बेडकर नगर, वार्ड संख्या 11, थाना मरंगा के रूप में की है। मारंगा पुलिस ने बताया कि



मौके से अन्य आरोपी फरार हो गए, जिनकी पहचान कर ली गयी है उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सहरावत के निर्देश पर जिले में ऐसे कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान जारी है।

## लड़की का अपहरण करने पहुंचे कार सवार तीन युवक ग्रामीणों के हत्थे चढ़े, पुलिस को सौंपा — कार से विदेशी शराब बरामद

**न्यूज स्केल पूर्णिया पूर्व**

पूर्णिया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डिमिया छतरजान पंचायत के बिलरिया गांव में गुरुवार देर शाम एक बड़ी वारदात ग्रामीणों की सतर्कता से टल गई। जानकारी के अनुसार, एक कार सवार तीन युवक गांव में एक लड़की का अपहरण करने के इरादे से पहुंचे थे। ग्रामीणों ने जब संदिग्ध गतिविधि देखी तो तत्काल सतर्क होकर तीनों युवकों को पकड़ लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने उनकी जमकर पिटाई की और घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची मुफस्सिल थाना पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए तीनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें से 500 एमएल विदेशी शराब बरामद की गई।



पुलिस ने कार को जप्त करते हुए तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजीत कुमार यादव (पिता स्व. जयनारायण यादव), देवा पासवान (पिता राजेश पासवान), और राजू कुमार (पिता ओम प्रकाश राम) — तीनों निवासी रौतारा, थाना रौतारा, जिला कटिहार के रूप में की गई है। पीड़ित परिवार द्वारा थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया गया कि तीनों युवक लड़की का अपहरण करने के इरादे से गांव पहुंचे थे। मुफस्सिल थानाध्यक्ष सुदिन राम ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों को 500 एमएल विदेशी शराब सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और कार को भी जप्त कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# बनमनखी विधानसभा में 4644 युवा मतदाता पहली बार करेंगे मतदान, 100 वर्ष से अधिक आयु के 18 मतदाता भी डालेंगे वोट

## लोकतंत्र के महापर्व में सभी वर्गों की उत्साही भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी पूरी

**, न्यूज स्केल :बनमनखी**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर बनमनखी विधानसभा क्षेत्र (संख्या-59) में चुनावी तैयारियों को लेकर प्रशासन ने पूरी सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि इस बार बनमनखी विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,01,246 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1,57,383 पुरुष, 1,43,856 महिला तथा 7 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 4,644 युवा मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार मतदान



करेंगे। वहीं 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के 18 मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने कीमती वोट से भागीदारी निभाएंगे। बनमनखी विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह चरम पर है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान हजारों फर्जी नाम मतदाता सूची से हटाए गए और नए पात्र मतदाताओं को जोड़ा गया है। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार क्षेत्र में कुल 379 मतदान केंद्र (बूथ) बनाए गए हैं, जिनमें से 281 बूथ बनमनखी प्रखंड में और 98 बूथ बड़हरा कोठी प्रखंड में स्थित हैं। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षात्मक दृष्टि से विशेष तैयारी की जा रही है। महिलाओं और विशेष वर्गों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई विशेष बूथ भी बनाए गए हैं। इनमें गोरेलाल मेहता महाविद्यालय में 3 पिंक बूथ (संख्या 154, 155, 156), ठाकुर उच्च विद्यालय खूंट जानकीनगर में 2 पिंक बूथ (194, 195), पन्ना लाल वैद्य कन्या मध्य विद्यालय में 1 मॉडल बूथ (151), मातूराम विद्यालय में 1 पीडब्ल्यूडी बूथ (158) और मध्य विद्यालय हृदयनगर उत्तर में 1 यूथ बूथ (146) शामिल हैं। इन विशेष बूथों पर मतदाताओं को सुविधाजनक वातावरण और सौहार्दपूर्ण माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने बताया कि बनमनखी विधानसभा क्षेत्र में कुल 36 सेक्टर बनाए गए हैं, जिनमें बड़हरा कोठी प्रखंड के 11 पंचायत और 25 सेक्टर बनमनखी प्रखंड के अंतर्गत आते हैं। प्रत्येक सेक्टर में मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की जा चुकी है। निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि "हमारी पहली प्राथमिकता शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना है। प्रत्येक मतदाता को सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल में मतदान का अवसर दिया जाएगा।" उन्होंने आगे बताया कि पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की कुल संख्या 3,597 है। इनमें ऐसे मतदाता जो मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते, उनके घर जाकर मतदान कराने की व्यवस्था की जाएगी। वहीं 1,012 वरिष्ठ नागरिक मतदाता भी हैं जिनकी सुविधा के लिए बूथों पर विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं। निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और मतदान अवश्य करें। प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं और जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

# एसडीएम धमदाहा ने की विधानसभा क्षेत्र में चुनाव तैयारियों की समीक्षा बैठक



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

धमदाहा विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी श्री अनुपम ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और उनके अनुपालन को लेकर स्पष्टता प्रदान करना था। बैठक में श्री अनुपम ने राजनीतिक दलों को चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी दलों से आग्रह किया कि वे निर्वाचन नियमों और निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें, ताकि चुनाव सुरक्षित, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सके।बैठक का समापन नियमों के पालन के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करने के साथ हुआ।

# पूर्णिया में करवा चौथ :सुहागिनों ने सज-धज कर पति की लंबी उम्र की कामना की, चांद का दीदार कर किया व्रत का समापन

**, न्यूज स्केल पूर्णिया**

शुक्रवार को करवा चौथ का पर्व पूरे जिले में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुहागिनों में उत्साह देखने को मिला। परंपरा के अनुसार महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करती रहीं। घरों में स्वादिष्ट पकवान बनाने के साथ ही पूजा-अर्चना में भी महिलाएं व्यस्त रहीं।मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बुजुर्ग महिलाओं से व्रत कथा सुनने का क्रम दिनभर चलता रहा। इस दौरान बाजारों में भी खास रौनक रही। मेहंदी लगाने



और सजने-संवरने के लिए महिलाओं की कतारें लगी रहीं। शहर के ब्यूटी पार्लरों में दिनभर चहल-पहल रही और कई पति अपनी पत्नियों को सजने-संवरने के लिए पार्लर लेकर पहुंचे।

**चांद का दीदार और पारण के साथ हुआ व्रत का समापन**

शाम को छतों और आंगनों में महिलाएं संपूर्ण श्रृंगार के साथ पूजा की थाली लेकर पहुंचीं। लगभग 7:50 बजे जब आसमान में चांद की झलक मिली, तो महिलाओं में उल्लास और खुशी की लहर दौड़ गई। चलनी की ओट से चांद का दीदार करने के बाद व्रती महिलाओं ने अपने पतियों के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया।

पर्व पौराणिक और ऐतिहासिक दृष्टि महत्वपूर्ण करवा चौथ का यह पर्व पौराणिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा गया यह व्रत पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन की खुशहाली का प्रतीक है। इस दिन पूरा शहर त्योहार की रंगत में डूबा रहा। व्रत का संकल्प निभाया और चांद और पति के दीदार के साथ अपने व्रत का समापन किया। इस प्रकार करवा चौथ ने पूर्णिया में श्रद्धा, परंपरा और सामाजिक जुड़ाव का सुंदर चित्र प्रस्तुत किया।

# विधायक खेमका ने नगर निगम को घाटों की सफाई व व्यवस्था सुनिश्चित करनेको लेकर की वार्ता

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

सदर विधायक विजय खेमका ने पूर्णिया नगर निगम क्षेत्र के 46 छठ पूजा घाटों, जिनमें विभिन्न तालाब और पूजा स्थल शामिल हैं, की सफाई, मरम्मत और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर आयुक्त से वार्ता की। विधायक ने कहा कि छठ बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश और विश्व में श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। उन्होंने नगर निगम के नगर आयुक्त से वार्ता कर श्रद्धालुओं की भारी भीड़



को ध्यान में रखते हुए घाटों की साफ-सफाई, घाटों के किनारे बैरिकेडिंग, चेंज रूम, शौचालय और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने को कहा । साथ ही उन्होंने छठ पर्व से पहले आने वाले दीपावली के अवसर पर भी नगर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर कूड़ा-कचरा निस्तारण, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, नई स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और फॉगिंग कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विधायक ने यह भी कहा कि डेंजर जोन में स्थित घाटों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षात्मक बैरिकेडिंग लगाई जाए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से पूजा-अर्चना कर सकें। उन्होंने कहा कि छठ पर्व सनातनी बहनों-भाइयों की भक्ति, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है और यह बिहार की सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त बनाता है। नगर आयुक्त ने विधायक के निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करने का आश्वासन दिया।

# पूर्णिया में ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला, आरोपी फरार

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

शहर के सदर थाना क्षेत्र के गुलाबबाग शांति नगर लखनझड़ी में बीती रात एक ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला हुआ। घटना में आरोप है कि तीन लोगों ने बिजनेस की बात कहकर ट्रांसपोर्टर को घर बुलाया और पिस्टल के बट से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर लोगों के जुटने पर आरोपी फरार हो गए।

हमला कैसे हुआः घायल ट्रांसपोर्टर मो इस्लाम के पुत्र मो नियाज ने बताया कि वे कई सालों से गुलाबबाग में ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे हैं। गुरुवार शाम करीब छह



बजे मोहल्ले के दो लोगों ने उन्हें बिजनेस पर जरूरी बातचीत के बहाने अपने घर बुलाया। आरोपियों ने ट्रांसपोर्ट का काम छोड़ने का दबाव बनाया। जब नियाज ने मना किया, तो गुस्से में आरोपी गाली-गलौज करने लगे और इसी दौरान एक ने पीछे से पिस्टल के बट से उनके सिर पर वार कर दिया।

**तत्काल कार्रवाई:**

मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को दोस्तों की मदद से जीएमसीएच में भर्ती कराया। सदर थाना पुलिस ने घटना की जानकारी पाकर तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

**पुलिस का बयान:**

थानाध्यक्ष ने बताया कि यह मामला आपसी रंजिश में हुई मारपीट का प्रतीत होता है। पीड़ित के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज की जा रही है। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## 8 लीटर देशी शराब जप्त : तीन गिरफ्तार :

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

सहायक खजांची थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए 8 लीटर देशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने मौके से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान छोटू उरांव (22 वर्ष), पिता स्व. रूसा उरांव; मुकेश उरांव (20 वर्ष), पिता सुखा उरांव; तथा शिव कुमार (19 वर्ष), पिता बबलू उरांव — तीनों निवासी माधोपाड़ा दुर्गास्थान, थाना सहायक खजांची, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है और आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# सरसी पुलिस ने 17.26 स्मैक के साथ तीन को दबोचा ,भेजा न्यायिक हिरासत

**न्यूज स्केल बनमनखी**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन की निगाहें शहर से लेकर गांव देहातों के चौक चौराहे पर भी पैनी नजर रखी हुई है पूर्णिया पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर वाहन चेकिंग अभियान मुस्तैदी चला रही है नशीली मादक पदार्थ तस्कर, अपराधियों में पुलिस की खौफ सिर चढ़कर बोल रहा है इसी क्रम में मझुआ प्रेमराज पुल समीप वाहन चेकिंग के दौरान सरसी पुलिस ने शुक्रवार को स्मैक ,एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ दो युवक को धर दबोचा.



धाराएं युवक की पहचान अमित कुमार यादव, उम्र 23 वर्ष, छोटू कुमार, उम्र 19 वर्ष,दोनों सा0 जियनगंज दक्षिण टोला के निवासी थाना सरसी के रूप में हुई. बताया कि युवक से पूछताछ में अन्य युवक की संलिप्ता पाई गई. दोनों युवक के निशानदेही पर छापेमारी कर मो0 नजीर, उम्र 35 वर्ष, सा0 बुढ़िया रहमतपुर थाना सरसी जिला पूर्णिया निवासी को धर दबोचा. इस बाबत एसडीपीओ शैलेश प्रीतम ने बताया कि मझुआ प्रेमराज पुल समीप वाहन चेकिंग के दौरान सरसी पुलिस ने एक बाईक पर दो युवक को देखते ही रुकने का इशारा किया. बाईक सवार युवक ने पुलिस को वाहन चेकिंग करते देख बाईक घुमाकर भागने का अथक प्रयास किया. लेकिन पुलिस बल के तत्परता के कारण बाइक समेत दोनों युवक को पकड़ लिया गया.तलाशी लेने के दौरान युवक के पास से स्मैक और इलेक्ट्रानिक तराजू के साथ युवक के पास से दो मोबाइल और एक बाईक जप्त किया गया है. वहीं धाराएं दोनों युवक से पूछताछ में अन्य युवक की संलिप्ता पाई गई. दोनों युवक की निशानदेही पर मो0 नजीर, उम्र 35 वर्ष, सा0 बुढ़िया रहमतपुर थाना सरसी जिला पूर्णिया निवासी को धर दबोचा.
तीनों अभियुक्त के विरुद्ध अग्रतर कारवाई की जा रही है.

# धमदाहा विधानसभा में चुनावी सरगर्मी तेज, प्रत्याशियों की तैयारियां जोरों पर

**न्यूज स्केल धमदाहा**

धमदाहा विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।
जैसे ही चुनाव की घोषणा हुई, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता एवं समर्थक अपने-अपने दलों के संभावित उम्मीदवारों के समर्थन में माहौल बनाने में जुट गए हैं। स्थानीय बाजारों, चाय एवं पान की दुकानों पर चुनाव को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। इन दिनों बाजार के नुक्कड़ परचूनवी चर्चा तेज है ।
धमदाहा क्षेत्र से वर्तमान में



बिहार सरकार की एक मंत्री चुनावी मैदान में हैं, वहीं पूर्व सांसद के एक प्रमुख दल में शामिल होने के बाद चुनावी समीकरणों में नया मोड़ आ गया है। इस बदलाव ने सभी राजनीतिक दलों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर दिया है। चुनाव में जातीय एवं सामाजिक समीकरणों की भूमिका पर भी चर्चाएं हो रही हैं। विभिन्न दल अपने-अपने आधार वोटरों को साधने की रणनीति बना रहे हैं। हालांकि, सभी दलों के नेता अपने एजेंडे में विकास को प्रमुखता देने की बात कर रहे हैं।
धमदाहा विधानसभा क्षेत्र मे वर्तमान में उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में कुल 41 पंचायतें एवं 337 मतदान केंद्र हैं। इस विधान सभा में ,यहां कुल मतदाता संख्या लगभग 2,64,000 है।
इसमें विभिन्न सामाजिक वर्गों का संतुलन देखने को मिलता है, जो चुनाव को और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बनाता है।
धमदाहा विधानसभा क्षेत्र का चुनाव दूसरे चरण में संपन्न होगा, जिसकी तिथि 14 नवम्बर निर्धारित की गई है। चुनाव आयोग द्वारा

# पूर्व सांसद संतोष कुमार कुशवाहा के राजद में शामिल होने पर राजनीतिक हलचल तेज

**न्यूज स्केल कसबा**

शुक्रवार को नवीन नगर स्थित युवा राजद जिला कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें पूर्व सांसद संतोष कुमार कुशवाहा के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सदस्यता ग्रहण करने को लेकर चर्चा की गई। प्रेस वार्ता में राजद जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुमार दास, जिला प्रधान महासचिव अभय कुमार सिन्हा उर्फ बंटी सिन्हा एवं युवा राजद जिलाध्यक्ष नवीन यादव मौजूद रहे।
कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व सांसद संतोष कुमार कुशवाहा ने सामाजिक न्याय और सर्वांगीण विकास की विचारधारा को ध्यान में रखते हुए पार्टी की सदस्यता ली है। उनके शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी।
राजद जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुमार दास ने बताया कि संतोष कुमार कुशवाहा एक अनुभवी जनप्रतिनिधि रहे हैं और विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच उनकी मजबूत



पकड़ है। वहीं युवा राजद जिलाध्यक्ष नवीन यादव ने कहा कि उनके जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।
कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों का उद्देश्य जनता की सेवा और विकास कार्यों को गति देना होना चाहिए। उन्होंने यह भी अपील की कि चुनावी अवधि में निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता का सभी राजनीतिक दल और समर्थक पूर्ण पालन करें।
लागू आदर्श आचार संहिता के तहत सभी गतिविधियों की निगरानी की जा रही है, ताकि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। फिलहाल राजनीतिक स्तर पर दल बदल को लेकर एक बार फिर से हलचल तेज हो गयी है और अलग अलग चर्चाएं तेज होने से जिले मे राजनीतिक हलचल तेज है

# अररिया में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम हुआ आयोजित



**फारबिसगंज/अररिया,** (हि.स.)। अररिया कॉलेज स्टेडियम परिसर में जिला स्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता के अवसर पर स्वीप (SVEEP) गतिविधियों के तहत एक बड़ा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 में अधिकतम और जागरूक भागीदारी सुनिश्चित करना था। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने उपस्थित जनसमूह, खासकर युवा वर्ग, से निष्पक्ष, निर्भीक और जागरूक होकर मतदान करने की भावुक अपील की। उन्होंने मतदान को "लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव" बताते हुए प्रत्येक मतदाता के योगदान को अपरिहार्य बताया।

**सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र** : जागरूकता कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम परिसर में स्थापित किया गया "सेल्फी प्वाइंट" लोगों के बीच चर्चा का केंद्र रहा। इसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ छात्र-छात्राएं, शिक्षक, और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक तस्वीरें खिंचवाईं। इस पहल ने युवा वर्ग में मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश देने में खास भूमिका निभाई और उनमें खासा उत्साह देखने को मिला।

**जागरूकता गीतों से दिया मताधिकार का संदेश** : कार्यक्रम में जिला स्वीप आइकन गायक अमर आनंद, गायिका प्रिया राज एवं गायक श्री एम ए सानू ने अपने प्रभावी जागरूकता गीतों के माध्यम से लोगों को मताधिकार के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने आगामी 11 नवंबर 2025 को होने वाले मतदान में भाग लेकर अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। सभी उपस्थित लोगों ने इस दौरान एक स्वर में संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी अररिया, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई अररिया, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग अररिया, जिला खेल पदाधिकारी अररिया सहित संबंधित पदाधिकारी गण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## छह विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारियों ने कर्मियों के साथ बैठक कर दिया प्रशिक्षण




**अररिया** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिला अंतर्गत सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा नामांकन प्रक्रिया में प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में किया गया।

यह प्रशिक्षण जोकीहाट के निर्वाची पदाधिकारी अनिल कुमार झा,सिकटी के निर्वाची पदाधिकारी रोजी कुमारी,नरपतगंज के निर्वाची पदाधिकारी अमित कुमार, रानीगंज (अजा) के निर्वाची पदाधिकारी एस. प्रतीक,फारबिसगंज के निर्वाची पदाधिकारी रंजीत कुमार रंजन,अररिया के निर्वाची पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा दिया गया।

इस क्रम में संबंधित निर्वाची पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नाम निर्देशन की तैयारी, आवश्यक दस्तावेजों की जांच व्यवस्था तथा प्रतिनियुक्त कर्मियों की नियुक्ति की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही नामांकन संबंधी सूचना का प्रकाशन एवं सूचना पट्ट पर प्रकाशित करने, नामांकन प्रपत्रों की जाँच एवं उसकी तैयारी करने, आयोग से प्राप्त तिथि और समयानुसार नामांकन प्राप्त करना एवं उसका निष्पादन करने, प्रतिदिन नामांकन से सम्बंधित संबंधी प्रतिवेदन तैयार करना एवं आयोग को प्रतिवेदित करने, नामांकन संबंधी सभी प्रकार के प्रपत्रों में उसका निस्तारण की प्रक्रिया, अभ्यर्थी से प्राप्त नामांकन प्रपत्र,शपथ-पत्र को वेबसाईट पर अपलोड करने की प्रक्रिया, नामांकन के संबंध में विभिन्न प्रक्रिया की जानकारी सभी अभ्यर्थी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों का उपलब्ध कराने की विस्तृत जानकारी दी गई।

# नामांकन प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाने के लिए अररिया में प्रशिक्षण सह बैठक



**फारबिसगंज/अररिया,** (हि.स.)। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 को देखते हुए, अररिया जिले के सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारियों ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में नामांकन प्रक्रिया में प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया।

इस प्रशिक्षण सह बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया को सुचारू, निष्ठापूर्ण और त्रुटिरहित बनाना था।

प्रशिक्षण देने वाले पदाधिकारी प्रशिक्षण संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा दिया गया, जिनमें शामिल थेः

विधानसभा क्षेत्र । निर्वाची पदाधिकारी । पदनाम
50-जोकीहाट -अनिल कुमार झा । अपर समाहर्त्ता, अररिया
51-सिकटी - रोजी कुमारी । उप विकास आयुक्त, अररिया
46-नरपतगंज - अमित कुमार । भूमि सुधार उपसमाहर्ता, फारबिसगंज
47-रानीगंज (अ०जा०) - एस० प्रतीक । भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, अररिया
48-फारबिसगंज - रंजीत कुमार रंजन । अनुमंडल पदाधिकारी, फारबिसगंज
49-अररिया- रवि प्रकाश । अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया ।

**नामांकन तैयारियों की हुई समीक्षा** : प्रशिक्षण के दौरान, संबंधित निर्वाची पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में नामनिर्देशन की तैयारी, आवश्यक दस्तावेजों की जांच व्यवस्था, तथा प्रतिनियुक्त कर्मियों की नियुक्ति की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। नामांकन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें नामांकन संबंधी सूचना (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) का प्रकाशन, सूचना पट्ट पर उसे प्रकाशित करना, नामांकन प्रपत्रों की जांच एवं तैयारी, आयोग से प्राप्त तिथि/ समयानुसार नामांकन प्राप्त करना और उनका निष्पादन करना शामिल था। इसके अतिरिक्त, प्रतिदिन नामांकन से सम्बंधित प्रतिवेदन तैयार कर आयोग को भेजने, नामांकन संबंधी सभी प्रपत्रों में निस्तारण की प्रक्रिया, और अभ्यर्थी से प्राप्त नामांकन प्रपत्र/शपथ-पत्र को बैवसाईट पर अपलोड करने की प्रक्रिया पर भी गहन चर्चा की गई। यह भी सुनिश्चित किया गया कि नामांकन के संबंध में विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी सभी अभ्यर्थी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराई जाए। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे निर्वाचन कार्य से जुड़े अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करें, ताकि नामनिर्देशन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो।

## एसएसबी ने तस्करी के 661 बोतल नेपाली शराब किया जब्त



**अररिया** (हि.स.)। एसएसबी 56 वीं बटालियन की बाह्य सीमा चौकी ए समवाय फुलकाहा की विशेष नाका टीम ने मानिकपुर गांव से गुरुवार की शाम 661 बोतल नेपाली शराब बरामद किया।

बरामद शराब विभिन्न ब्रांडों के हैं, जिसे तस्करी कर नेपाल से भारत लाया गया था। एसएसबी ने यह कार्रवाई भारत नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 188/3 के नजदीक भारत साइड में बॉर्डर से करीबन डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर की।

तस्कर दो मोटरसाइकिल पर शराब को लोडकर नेपाल से भारत की ओर ला रहा था। इसी क्रम में विशेष नाका गश्ती टीम के द्वारा इसे जब्त किया गया।

तस्करी मोटरसाइकिल छोड़कर भाग निकले।

एसएसबी ने दो मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है।

बरामद शराब और जब्त किए गए मोटरसाइकिल एसएसबी ने फुलकाहा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# प्रॉपर्टी विवाद में हुई हत्या का खुलासा, दो अपराधी गिरफ्तार




**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार पुलिस ने अमरजीत कुमार उर्फ अमरेश चौधरी की हत्या का सफल उद्भेदन करते हुए दो अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों में राहुल पासवान पिता दिलीप पासवान शितला स्थान थाना सहायक जिला कटिहार और मुकेश तिवारी उर्फ जैकी तिवारी पिता प्रह्लाद तिवारी रजत टोला मिरचाईवाड़ी थाना सहायक जिला कटिहार शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि मृतक अमरजीत कुमार प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था और सेमरा बागान में प्रॉपर्टी को लेकर कई लोगों से विवाद था। इसी विवाद में अमरजीत कुमार की हत्या की गई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इन दोनों अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी मुकेश तिवारी उर्फ जैकी तिवारी का अपराधिक इतिहास रहा है और उस पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ सहायक थाना में 2017 और 2018 में मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है और अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस मामले में पुलिस ने दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इन अपराधकर्मियों के तार कहां-कहां तक जुड़े हुए हैं और इस घटना के पीछे की पूरी साजिश क्या थी।

# अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार



**भागलपुर,** (हि.स.)। ट्रेन संख्या 13015 अप कविगुरु एक्सप्रेस द्वारा अवैध शराब के परिवहन के संबंध में विश्वसनीय स्त्रोतों से प्राप्त सूचना के आधार पर भागलपुर रेलवे स्टेशन पर एक संयुक्त छापेमारी की गई। उक्त ट्रेन के आगमन पर आरपीएफ टीम ने आबकारी विभाग भागलपुर के अधिकारियों के साथ समन्वय में भागलपुर के आईपीएफ अवनीत कुमार सिंह की देखरेख में छापेमारी की।

अभियान के दौरान टीम ने प्लेटफार्म संख्या 4/5 पर मध्य फुटओवर ब्रिज के पास एक महिला को दो भारी बैग लिए हुए संदिग्ध रूप से घूमते देखा। उसे तुरंत हिरासत में लिया गया और उसकी पहचान बिहार के भागलपुर निवासी किरण देवी (35 वर्ष) के रूप में हुई। उसके सामान की तलाशी लेने पर विभिन्न ब्रांडों की 51 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। जिसका अनुमानित कुल मूल्य 24,150 रुपया था।

पूछताछ करने पर वह ऐसी शराब रखने का कोई वैध लाइसेंस या प्राधिकार प्रस्तुत करने में विफल रही। बरामद शराब को मौके पर ही जब्त कर लिया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जब्त शराब और आरोपी दोनों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग भागलपुर को सौंप दिया गया।

भागलपुर पोस्ट की आरपीएफ टीम द्वारा की गई त्वरित और समन्वित कार्रवाई एक बार फिर रेलवे परिसर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने में रेलवे सुरक्षा बल के निरंतर प्रयासों को रेखांकित करती है।

## अनियंत्रित ऑटो की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार



**भागलपुर,** हि.स.)। जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के महेशी चौक के पास शुक्रवार को हुए सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि अनियंत्रित ऑटो ने सड़क किनारे जा रहे राहुल कुमार नामक युवक को जोरदार टक्कर मार दी।

घटना के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

उधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल राहुल को सुलतानगंज रेफरल अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद ऑटो चालक ऑटो लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार चालक की तलाश जारी है।

## गुजरात के खेड़ा से सांसद देबू सिंह चौहान फारबिसगंज में,विधायक समेत कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**अररिया** ( हि.स. )। फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी अभियान में संगठन द्वारा नियुक्त गुजरात के खेड़ा के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री देबू सिंह चौहान फारबिसगंज पहुंचे,जिसके आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं स्थानीय विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ़ मंचन केशरी ने उनका स्वागत किया।

स्थानीय एक होटल में पूर्व केंद्रीय मंत्री देबू सिंह चौहान ने विधायक समेत भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारी और हालात को लेकर जानकारी ली।उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनावी जीत को लेकर कई टिप्स भी दिए।उन्होंने विधानसभा की भौगोलिक और जातीय समीकरण को लेकर भी जानकारी लेते हुए कार्यकर्ताओं के एकजुटता को लेकर भी मंत्रणा की।

## एडीजे चतुर्थ कोर्ट ने हत्या मामले में पिता समेत दो पुत्रों को सुनाई अर्थ दंड के साथ आजीवन कारावास की सजा




**अररिया** (हि.स.)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रवि कुमार की अदालत ने हत्या के आरोपित पिता एव उनके दो पुत्रों को आजीवन कारावास के साथ जुर्माने के तौर पर अर्थ दंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने सत्र वाद संख्या 638/23 में तीनों दोषियों को सजा सुनाई।मामला कुर्साकांटा (कुआड़ी) थाना कांड संख्या 111/2023 से संबंधित है।जिसके सूचक कुआड़ी वार्ड संख्या आठ निवासी मो. शमशाद आलम पिता -स्वर्गीय अयूब है। न्यायालय ने 65 वर्षीय मो. जावेद आलम पिता स्व. जहीर आलम,27 वर्षीय मो. हसन,25 वर्षीय मो. हुसैन दोनों के पिता जावेद आलम को भादवि की धारा 302/34 में आजीवन कारावास के साथ 50 -50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई।

दोषियों ने सूचक शमशाद आलम के घर में घुसकर 27 मई 2023 को सूचक की पत्नी मुसरत बानो की चाकू मारकर हत्या कर दी थी और उसके गोदरेज से रखा हुआ रुपैया, जेवर समान लूट लिया था। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल नौ गवाह का परीक्षण कराया गया।

सजा की बिंदु पर अधिवक्ता मो. हासिम ने अभियुक्तों की कम से कम सजा सुनाई जाने का पक्ष रखा, जबकि सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक ने विधि सम्मत सजा सुनाई जाने की दलीले न्यायालय के समक्ष रखा। दोनो ही पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायालय ने दोषियों को सजा सुनाई ।

# चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर का किया गया निरीक्षण



**भागलपुर,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत भागलपुर में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक नवगछिया सुश्री प्रेरणा कुमार द्वारा उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया ऋतुराज प्रताप सिंह के साथ 153- गोपालपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बनाया गया डिस्पैच सेंटर इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय नवगछिया का गहन निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां वाहन पार्किंग स्थल, डिस्पैच काउंटर एवं एवं वीवीपीएटी के रखरखाव के लिए चिन्हित कमरों का अवलोकन किया तथा वहां उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया को ईवीएम एवं भीभीपेट के उचित रखरखाव का निर्देश दिया। वहीं 156- भागलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर अजय कुमार चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से 156- भागलपुर विधानसभा के ईवीएम, भीभीपेट वेयरहाउस तथा डिस्पैच सेंटर राजकीय पॉलिटेक्निक बरारी का निरीक्षण किया गया।

# विधानसभा चुनाव को लेकर जिला स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने की बैठक

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले की सभी जिला स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों (District Enforcement Agency) के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया में स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु निर्वाचन व्यय अनुश्रवण की अहमियत पर जोर दिया गया। सावन कुमार ने कहा कि चुनाव में कुछ उम्मीदवार एवं राजनीतिक दल मतदाताओं को नगद, शराब, मादक पदार्थ, बहुमूल्य उपहार या रिश्वत जैसी विभिन्न प्रलोभन के माध्यम से प्रभावित करते हैं, जो कानून द्वारा निर्धारित



व्यय सीमा का उल्लंघन है। **गहन समन्वय और निगरानी व्यवस्था** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में व्यय अनुश्रवण की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने हेतु सभी प्रवर्तन एजेंसियों के बीच गहन समन्वय जरूरी है। इसके तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम तीन-तीन FST और तीन-तीन SST यानि कुल 15 FST एवं 16 SST का गठन किया गया है। इन टीमों द्वारा अवैध परिचालन एवं वितरण पर कड़ी नजर रखी जाएगी। **अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई** : बैठक में Illigal cash, शराब, मादक पदार्थ और अन्य अवैध वस्तुओं के परिचालन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक के पत्रांक 185/ चुनाव के अनुसार अंतरराष्ट्रीय और अंतर्जिला सीमा पर कुल 26 चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां लगातार अनुश्रवण किया जाएगा। नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अवैध राशि एवं वस्तुओं के परिचालन पर त्वरित कार्रवाई की जाए और संबंधित सूचनाएं साझा की जाएं।

**बैंक समन्वय और वाहन जांच**
जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैंक प्रबंधकों के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया ताकि चुनाव के दौरान किसी भी बैंक खाते से बड़ी राशि का अंतरण होने पर अधोहस्ताक्षरी को समय पर सूचना उपलब्ध कराई जा सके। वाहन चेकिंग के दौरान नागरिकों को असुविधा न हो, इसके लिए SOP का पालन करना अनिवार्य है। सभी एजेंसियों को ससमय प्रतिवेदन तैयार कर आयोग को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया।

## पीठासीन पदाधिकारियों को दो पालियों में दिया गया ट्रेनिंग



**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत सुपौल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सावन कुमार के निर्देश पर मतदान प्रक्रिया को सुचारू बनाने हेतु प्रशिक्षण का तीसरा दिन 10 अक्टूबर को आयोजित किया गया। सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय और बबुजन विश्वेश्वर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो पालियों में पीठासीन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। **प्रथम मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण** :जिला पंचायत राज पदाधिकारी गयानंद यादव ने प्रथम मतदान पदाधिकारियों को निर्वाचक नामावली और पहचान दस्तावेजों के आधार पर मतदाता पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला मतदाताओं के क्रमांक को लाल कलम से गोल घेरने तथा चिन्हित प्रति में प्रत्येक मतदाता के लिए तिरछी रेखा खींचने का प्रशिक्षण दिया गया। **पीठासीन पदाधिकारियों के दायित्व:** ह-उप विकास आयुक्त सारा अशरफ ने पीठासीन पदाधिकारियों को उनके कार्य और दायित्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में सभी मतदान केन्द्रों पर 100% वेब कैस्टिंग होगी। प्रत्येक पीठासीन पदाधिकारी को EVM सेट के साथ 17C फॉर्म भरना और VTR App पर हर दो घंटे में रिपोर्ट दर्ज करना अनिवार्य होगा।

**द्वितीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण** : नोडल मास्टर प्रशिक्षक अमित कुमार ने द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को 17A रजिस्टर और अमिट स्याही के उपयोग की प्रक्रिया समझाई। प्रत्येक मतदाता के बायें हाथ के तर्जनी में स्याही लगाना और रजिस्टर में क्रमांक, पहचान दस्तावेज, हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान, और अन्य टिप्पणियां दर्ज करना अनिवार्य बताया गया। प्रशिक्षण सत्र के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को प्रभारी पदाधिकारी के रूप में तैनात किया।

## जल जमाव के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन, डेढ़ घंटे तक रहा सड़क जाम

**न्यूज़ स्केल पिपरा**

पिपरा प्रखंड के अमहा वार्ड एक और दस में लगातार बारिश के बाद जल जमाव की समस्या गंभीर हो गई है। लोगों के घर और आंगन में कई दिनों से पानी जमा है, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी आसपास के क्षेत्रों में फैल गया है और कई लोग बीमार पड़ने लगे हैं। **प्रशासन पर लोगों का आक्रोश** स्थानीय लोगों ने पिपरा प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने कई बार आवेदन देने के बावजूद जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। लोगों



का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण स्थिति अत्यंत खराब और नारकीय हो गई है। इससे नाराज होकर जनता ने अपने हक की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू किया। **एनएच 106 पर सड़क जाम** जल जमाव और प्रशासन की अनदेखी के विरोध में शुक्रवार को आक्रोशित लोगों ने एनएच 106 सड़क को तेतराही के समीप जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण करीब डेढ़ घंटे तक मुख्य मार्ग पर आवाजाही प्रभावित रही। प्रदर्शनकारी लोगों ने अपनी समस्या को मुख्यधारा के प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचाने की कोशिश की।

**पुलिस ने कराया सड़क जाम हटाना** : मौके पर पहुंची पिपरा पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया और एनएच 106 पर आवाजाही फिर से सुचारू हो गई। फिलहाल प्रशासन ने समस्या को हल करने की आश्वासन दी है, लेकिन लोगों की मांग है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था तुरंत की जाए।



## चुनाव में पीठासीन पदाधिकारियों की अहम भूमिका : डीईओ

# प्रथम चरण का चुनाव प्रशिक्षण जारी, दो पालियों में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

**1 निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के गूढ़ सिख रहे हैं कर्मी**

सुपौल जिले में विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए मतदानकर्मियों को व्यापक रूप से दक्ष बनाया जा रहा है। सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय (विलियम्स स्कूल) में प्रथम चरण के प्रशिक्षण के दूसरे दिन गुरुवार को दो पाली में 1280 पीठासीन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। पहली पाली में 640 और दूसरी पाली में 640 पदाधिकारी शामिल हुए। **पीठासीन पदाधिकारियों की**



**भूमिका महत्वपूर्ण** : प्रशिक्षण में शामिल पीठासीन पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह ने कहा कि चुनाव में पीठासीन पदाधिकारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारी पूरी वोटिंग प्रक्रिया की निगरानी करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि चुनाव समान, निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न हो। **टीम वर्क और दक्षता पर जोर** संग्राम सिंह ने कहा कि चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण है टीम वर्क। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद उम्मीद है कि सभी पदाधिकारी पहले से अधिक दक्ष होंगे। इसलिए प्रशिक्षण में चुनाव से जुड़ी सभी बारीकियों को समझना और सीखना आवश्यक है।

**प्रशिक्षण का सतत निगरानी और तैयारी** : उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार द्वारा पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदानकर्मियों और माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। चुनाव के दौरान मतदान कर्मियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए प्रशिक्षण का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## जिला व्यय अनुश्रवण कोषांग गठित

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

विधानसभा आम निर्वाचन चुनाव 2025 के सफल, स्वच्छ, एवं शांतिपूर्ण संचालन को देखते हुए राजनीतिक पार्टी/अभ्यर्थियों द्वारा धन-बल के दुरूपयोग पर अंकुश लगाने तथा निर्वाचन अभियान के दौरान उनके द्वारा किये जा रहे व्यय का अनुश्रवण करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश Compendium of Instruction on Election Expenditure Monitering के भाग "B" के कंडिका 01 से 09 तक में वर्णित अनुदेशों के आलोक में जिला व्यय अनुश्रवण कोषांग (District Expenditure Monitering Cell) का गठन किया जाता है। इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री संजय कुमार राज्य-कर संयुक्त आयुक्त (मोबाईल नं०-8544401277) हैं। सरल एवं सुगमतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए कोषांग के अन्तर्गत विभिन्न टीमों का गठन किया गया जो निम्नवत् है :-

(1) Assistant Expenditure Observer-05
(2) Accounting -05
(3) FST-15
(4) SST-48
(5) VST - 12
(6) VVT-05
(7) Cell Center-01

(i) कोषांग के अन्तर्गत विभिन्न टीमों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। (ii) FST एवं SST को Esms Portal पर Onboard किया जा चुका है।

## निर्वाचन कार्य के लिए अधिगृहित वाहनों के लिए स्टेडियम एवं आईटीआई कॉलेज परिसर का निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के सफल, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध संचालन हेतु जिला में निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त होने वाले वाहनों का अधिग्रहण किया जाना है। इस क्रम में पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आज जिला परिवहन कार्यालय द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर यान निरीक्षक एवं परिवहन कार्यालय के अन्य कर्मियों द्वारा जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम परिसर एवं आईटीआई कॉलेज का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिगृहित वाहनों के ठहराव स्थल, कैंप कार्यालय की स्थापना, ईंधन आपूर्ति, चालक विश्राम स्थल, एवं अन्य लॉजिस्टिक व्यवस्था से संबंधित बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान अधिगृहित वाहनों को निर्धारित स्थल पर ही रखा जाएगा, जिससे वाहनों की उपलब्धता, आवागमन एवं नियंत्रण में पारदर्शिता एवं सुव्यवस्था बनी रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि वाहनों की पार्किंग, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा यह भी बताया गया कि निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी वाहनों के टैगिंग, फ्यूल कूपन निर्गमन, चालक पहचान एवं नियंत्रण व्यवस्था से संबंधित दिशा-निर्देश शीघ्र ही संबंधित अधिकारियों एवं वाहन मालिकों को प्रदान किए जाएंगे।

## एसएसबी ने 45 लीटर नेपाली शराब और एक बाइक किया जब्त , तस्कर फरार

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

45 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी निओर ने नाका ड्यूटी के दौरान सीमा स्तंभ संख्या 229/11 के समीप किया कुल 45 लीटर नेपाली शराब के साथ एक मोटर साइकिल को जब्त किया है। जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी कमांडेंट, गौरव सिंह ने बताया कि आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान शराब तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु एसएसबी द्वारा निरन्तर प्रयास जारी है इसी क्रम में सूचना मिली थी कि सीमा चौकी निओर के जिम्मेवारी क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 229/11 के समीप से मादक पदार्थ की तस्करी होने की संभावना है। अविलंब एक नाका पार्टी का



गठन किया गया।नाका पार्टी सूचना आधारित जगह पर छुप कर बैठ गई और कुछ समय बाद करीब रात 2110 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति सीमा स्तंभ 229/11 के समीप छुपाव दार रास्ते से मोटर साइकिल पर बोरी में सामान लेकर नेपाल से भारत प्रभाग की तरफ आता दिखाई दिया ।जैसे ही संदिग्ध व्यक्ति नाका पार्टी के समीप पंहुचा तभी पार्टी ने व्यक्ति को पकड़ने दौड़े व्यक्ति मोटर साइकिल गिरा कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले। मौके पर बोरी की तलाशी लेने पर पता चला की इन बोरी में कुल 45 लीटर नेपाली शराब है। तत्पश्चात आवश्यक कार्यवाही करने के बाद जब्त शराब एवं मोटर साइकिल को पुलिस स्टेशन अंदरामठ को सुपुर्द कर दिया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक सामान्य मदन लाल एवं अन्य जवान उपस्थित रहें।

## 290 बोतल कफ सिरफ जब्त , एक महिला हिरासत में , जांच में जुटी पुलिस

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

**पुलिस ने छापेमारी कर एक महिला को हिरासत में लिया।**

**बरामद सिरप कोडीन युक्त है और अवैध बिक्री के लिए रखा गया था।**

**जब्त माल की अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये से अधिक है।**

**चुनावी माहौल में स्वच्छ और भयमुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए कार्रवाई।**

राघोपुर प्रखंड के परसरमा गांव से मद्य निषेध थाना सिमराही की




पुलिस ने गुरुवार शाम भारी मात्रा में नशीली कफ सिरप बरामद की। पुलिस ने मौके से कुल 290 बोतल कफ सिरप जब्त किया, जो अवैध तस्करी के लिए रखी गई थी। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी और इसके आधार पर विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। **तस्करी की पुष्टि और महिला हिरासत** : जांच में कोडीन युक्त सिरप की बरामदगी हुई, जो बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिबंधित है। पुलिस ने मौके से एक महिला को हिरासत में लिया है। अन्य तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छानबीन जारी है। **कानूनी कार्रवाई और जब्त मूल्य** : बरामद कफ सिरप की अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। जब्त माल को सुरक्षित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

**चुनावी माहौल में प्रशासन की सख्ती** : बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे समय में नशे के कारोबार पर पुलिस की यह कार्रवाई चुनावी माहौल को स्वच्छ और भयमुक्त बनाए रखने की दिशा में एक सख्त कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाने के लिए कमेटी गठित

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में चित्रगुप्त भगवान की पूजा के सफल आयोजन के लिए डॉ मेजर शशिभूषण प्रसाद की अध्यक्षता में नई कमिटी का गठन किया गया है। डॉ सत्यप्रकाश मल्लिक उपाध्यक्ष, श्याम प्रसाद वर्मा उपाध्यक्ष ,संजीव वर्मा सचिव, राजेश कुमार मल्लिक उपसचिव, अभिनव मल्लिक उपसचिव, संतोष कुमार सुमन कोषाध्यक्ष, सुशील कुमार दास, पूजा प्रभारी, सत्यम कुमार



प्रसाद, वितरण प्रभारी, आशीष श्रीवास्तव ,मीडिया प्रभारी, अभय श्रीवास्तव ,मीडिया प्रभारी, संरक्षक समिति रूद्रप्रताप लाल, संतोष श्रीवास्तव, विनोद शंकर कर्ण, रमेश रंजन, ब्रह्मदेव लाल दास, अधिर कुमार वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अंकित मल्लिक, कुमार गगन, अमन कंठ, शुभम, अजीत कुमार सिन्हा, नीता कुमारी,अरविन्द कर्ण, प्रकाश श्रीवास्तव, ओम, मनोज वर्मा, रौशन वर्मा, जीवन कुमार मल्लिक श्याम प्रकाश सहित अन्य उपस्थित थे। सर्व सम्मति से पिछले वर्ष जो आय -व्यय का लेखा जोखा पास किया गया है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक सम्पन्न

**पश्चिम चम्पारण,** (हि.स.)। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के क्रम में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन एवं परिवर्तन से संबंधित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करना था।

**राजनीतिक दलों से सुझाव आमंत्रित** : बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इन प्रस्तावों की जानकारी दी गई और उनसे सुझाव मांगे गए। इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने



जिले के विभिन्न इलाकों में मतदान केन्द्रों की उपलब्धता और पहुँच पर अपने विचार साझा किए। विचार-विमर्श के बाद सभी दलों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित संशोधनों पर अपनी सहमति प्रदान की।

**निर्वाचन मानकों के अनुरूप सभी केन्द्र** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार जिले में किसी नए सहायक मतदान केन्द्र की आवश्यकता नहीं है। सभी मौजूदा केन्द्र निर्धारित सीमा के अनुरूप हैं और मतदाताओं की संख्या संतुलित है।

**सौहार्दपूर्ण माहौल में बैठक सम्पन्न** : बैठक सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक वातावरण में सम्पन्न हुई। अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सुचारुता में राजनीतिक दलों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में सभी ने आगामी चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**मतदान केन्द्रों में बदलाव पर हुई चर्चा** : बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार जहाँ पुराने भवन जर्जर या अनुपयुक्त पाए गए हैं, वहाँ मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों के स्थान में परिवर्तन के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। साथ ही, जहाँ नए उपयुक्त भवन उपलब्ध हैं, उन्हें भी मतदान केन्द्र के रूप में प्रस्तावित किया गया है। इन सभी प्रस्तावों का भौतिक सत्यापन संबंधित निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा किया गया है।

## वाहन कोषांग के कर्मियों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण

### व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम से होगी वाहनों की डिजिटल मॉनिटरिंग

**बेतिया,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के क्रम में जिला परिवहन कोषांग, पश्चिम चम्पारण की ओर से शुक्रवार को एकदिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन कार्यों में लगाए जाने वाले वाहनों के प्रभावी प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग के लिए व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम (VMS) सॉफ्टवेयर के संचालन की जानकारी देना था कार्यक्रम में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी, लिपिक, आईटी सहायक, कार्यपालक सहायक तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हुए। प्रशिक्षण तीन पालियों में संपन्न हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को



वाहन आवंटन, उपयोग मॉनिटरिंग, लॉग बुक संधारण, रिपोर्ट तैयार करने और डेटा अपलोड जैसी प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी दी गई। जिला परिवहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी श्रीमती रितु रानी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल प्रणाली से चुनावी वाहनों के उपयोग में पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। प्रशिक्षण के दौरान वरीय प्रभारी पदाधिकारी श्री अनिल कुमार सिन्हा, प्रोग्रामर श्री प्रभात कुमार, लिपिक श्री मुरली कुमार, तथा डीईओ राज किशोर कुमार ने प्रतिभागियों को सॉफ्टवेयर के तकनीकी पक्षों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि VMS के माध्यम से सभी वाहनों की रीयल-टाइम ट्रैकिंग, आवंटन, ईंधन उपभोग, और ड्राइवर विवरण जैसी सूचनाएं डिजिटल रूप से दर्ज की जाएंगी। इससे प्रशासनिक कार्यों में दक्षता आएगी और निर्वाचन गतिविधियों की निगरानी अधिक पारदर्शी और त्वरित ढंग से संभव होगी।

# विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी, नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ : जिलाधिकारी

**दरभंगा,** (हि.स.)।

--------------------

**मिश्रा की प्रशासनिक साख और ब्राह्मण समुदाय से जुड़ाव उन्हें मजबूत बनाता है।**

--------------------

**मुस्लिम मतों के संभावित बंटवारे से मिश्रा को चुनावी लाभ मिल सकता है।**

--------------------

**संजय सरावगी पर विकास कार्यों को लेकर स्थानीय स्तर पर असंतोष बढ़ा है।**

--------------------

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के पहले चरण की अधिसूचना जारी होते ही छपरा जिले के सभी 10 विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारियों ने फॉर्म-1 में नोटिस प्रकाशित



कर दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

**नामांकन स्थलों की विस्तृत व्यवस्था** : जिलाधिकारी ने बताया कि छह विधानसभा क्षेत्रों के नामांकन जिला मुख्यालय में स्वीकृत होंगे, जबकि दो मढ़ौरा और दो सोनपुर अनुमंडल में भरे जाएंगे। विभिन्न कार्यालयों में संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के लिए आरओ कक्ष निर्धारित किए गए हैं। साथ ही, प्रत्याशियों की सुविधा के लिए हर केंद्र पर हेल्प डेस्क भी बनाई गई है, जहां आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

**पारदर्शी व निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित** : डीएम ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध होगी। सभी निर्वाची पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। प्रत्येक केंद्र पर सीसी कैमरा और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। सभी नामांकन पत्र उसी दिन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे और आरओ नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित होंगे।

**11 व 12 अक्टूबर को नहीं होंगे नामांकन** : डीएम ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है और अंतिम तिथि 17 अक्टूबर तय है। 11 एवं 12 अक्टूबर को अवकाश (एनआई एक्ट 1881 के तहत) होने के कारण इन दिनों नामांकन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अभ्यर्थी 13 से 17 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे।

## जन सुराज से आर. के. मिश्रा बनाम संभावित चुनौती — जातीय समीकरण, मुस्लिम वोट और चुनावी विश्लेषण

**दरभंगा,** (हि.स.)।

--------------------

**मिश्रा की प्रशासनिक साख और ब्राह्मण समुदाय से जुड़ाव उन्हें मजबूत बनाता है।**

--------------------

**मुस्लिम मतों के संभावित बंटवारे से मिश्रा को चुनावी लाभ मिल सकता है।**

--------------------

**संजय सरावगी पर विकास कार्यों को लेकर स्थानीय स्तर पर असंतोष बढ़ा है।**

--------------------

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में दरभंगा शहरी सीट पर इस बार मुकाबला काफी रोचक हो गया है। जन सुराज पार्टी ने पूर्व आईपीएस अधिकारी आर. के. मिश्रा को उम्मीदवार घोषित कर चुनावी मैदान में नई हलचल पैदा कर



**प्रशासनिक अनुभव और उपलब्धियां** : 1986 बैच के आईपीएस आर. के. मिश्रा ने बिहार होमगार्ड एवं फायर सर्विसेज के डीजी के रूप में कार्य किया। वे सीबीआई और सीआरपीएफ में भी वरिष्ठ पदों पर रहे। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 2003 में पुलिस मेडल और 2009 में राष्ट्रपति पुलिस मेडल मिला। IIT-BHU से इंजीनियरिंग और एमबीए की डिग्री धारक मिश्रा अपनी सादगी और साफ-सुथरी छवि के लिए जाने जाते हैं।

**जातीय समीकरण बनेगा निर्णायक** : दरभंगा शहरी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 12-15% ब्राह्मण, 20-22% मुस्लिम, 35-36% ओबीसी और 15% अनुसूचित जाति मतदाता हैं। ब्राह्मण समुदाय की सक्रियता और मुस्लिम मतों के संभावित बंटवारे से आर. के. मिश्रा को लाभ मिल सकता है।

दी है। मिश्रा की प्रशासनिक ईमानदारी, अनुभव और ब्राह्मण समुदाय से जुड़ाव उन्हें एक प्रभावशाली उम्मीदवार बनाते हैं।

**संजय सरावगी पर दबाव और नई चुनौती** : एनडीए की ओर से अब तक संजय सरावगी के नाम की घोषणा नहीं हुई है। स्थानीय मतदाताओं में विकास कार्यों की धीमी गति और आधारभूत सुविधाओं को लेकर नाराजगी भी है। ऐसे में मिश्रा की ईमानदार छवि और विकासवादी दृष्टिकोण उन्हें एक सशक्त दावेदार बनाते हैं। यदि वे जनता तक अपने एजेंडे को प्रभावशाली ढंग से पहुंचा पाते हैं, तो दरभंगा शहरी का राजनीतिक समीकरण इस बार बदल सकता है।

# साइबर कैफे संचालक की गोली मार कर हत्या

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। बिहार में पूर्वी चम्पारण जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह अज्ञात अपराधियो ने साइबर कैफे संचालक की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी।

मृतक की पहचान गुरमीत मठवा टोला निवासी हीरालाल राम के पुत्र अनिल कुमार (25) के रूप में हुई है। उसका शव उसके घर से 3 किलोमीटर दूर सपही टोला स्थित खेत में मिला है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है।परिजनों के अनुसार,अनिल को किसी ने फोन कर बुलाया था,मृतक के



बड़े भाई नागेंद्र राम ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 6 बजे अनिल ने उन्हें फोन कर भाभी की दवा लाने के लिए कहा था। इसके बाद शाम 7:30 बजे किसी अन्य व्यक्ति का फोन आने पर अनिल गांव के एक लड़के को साथ चलने के लिए बोला, लेकिन वह लड़का खाना खाने की बात कहकर रुक गया।

इसके बाद अनिल अकेले ही चला गया। देर रात तक घर नही लौटने पर अनिल की पत्नी ने उसे कई बार फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। सुबह परिजनों को अनिल के ही नंबर से फोन आया, जिसमें बताया गया कि अनिल की गोली मारकर हत्या कर दी गई है और उसका शव खेत में पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने अनिल को खून से लथपथ पाया।घटनास्थल पर अनिल का मोबाइल और आधार कार्ड से पैसे निकालने वाली मशीन मिली, लेकिन उसकी पल्सर बाइक गायब थी। परिजनो ने बताया कि मृतक अनिल की शादी एक साल पहले तुरकौलिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में हुई थी और उनका कोई बच्चा नहीं था। वह छह भाइयों में सबसे छोटा था। परिजनो के अनुसार अनिल एक संघर्षशील लड़का था,वह छोटी सी गुमटी में साइबर कैफे चलाता था और आधार कार्ड के माध्यम से लोगो के पैसे निकालने का काम करता था।

घोड़ासहन थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि घटना स्थल से एक खोखा बरामद हुआ, परिजन के तरफ से अभी कोई आवेदन नहीं मिला है।फिलहाल घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सिकरहना डीएसपी के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया है।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया हत्या के पीछे की वजह आपसी रंजिश और प्रेम प्रसंग सामने आ रहा है।जांच के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई है,जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

## पश्चिम चंपारण में एमडीएम में अंडा खाने के बाद दो दर्जन से अधिक बच्चों की बिगड़ी तबीयत, सभी भर्ती

**बेतिया,** (हि.स.)। पश्चिम चंपारण जिले के मैनाटाड़ प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय पुरैनिया में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन में अंडा खाने के बाद कई बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उल्टी, पेट दर्द और चक्कर की शिकायत पर 28 छात्र-छात्राओं को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटाड़ लाया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. विजय चौधरी ने बताया कि सभी बच्चों की स्थिति अब खतरे से बाहर है। उनका प्राथमिक उपचार कर ओआरएस उपलब्ध कराया गया तथा अधिकांश को घर भेज दिया गया। किसी बच्चे को



रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ी।घटना की सूचना मिलते ही अभिभावक बड़ी संख्या में विद्यालय पहुंचे और स्वयं अपने वाहनों से बच्चों को अस्पताल ले गए। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद भी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार देर तक अस्पताल नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि अंडे की आपूर्ति पिड़ारी स्थित मंटू किराना स्टोर से की गई थी। वहीं मैनाटाड़ थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता और एमडीएम प्रभारी जाहिद इकबाल भी अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रभारी बीईओ नीरज कुमार ने विद्यालय जाकर प्रारंभिक जांच की और बताया कि सभी बच्चे अब सुरक्षित हैं तथा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## भाई भतीजा नाता है, भारत के मतदाता हैं, सबका यह अरमान है, 6 नवंबर को करना मतदान है

**छपरा,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा के बाद मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। सारण जिले में आगामी 6 नवंबर को मतदान होना है, इस मतदान में मतदाताओं की भागीदारी को लेकर शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना, पीडीएस सहित कई विभागों के द्वारा लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।



**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली जागरूकता रैली** : शुक्रवार को इसुआपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सीडीपीओ के नेतृत्व में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। सेविका एवं सहायिका द्वारा रैली निकालते हुए मतदाताओं से आगामी 6 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर जाकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

**विद्यालयों में क्विज और चुनावी पाठशाला का हुआ आयोजन** : वहीं अमनौर के हरि जी उच्च विद्यालय अपहर, उच्च माध्यमिक विद्यालय ढोलाही कैथल, उच्च माध्यमिक विद्यालय अमनौर कल्याण में साइकिल रैली तथा तरैया के नेपाल सिंह उच्च विद्यालय और उच्च माध्यमिक विद्यालय कक्षा में चुनावी पाठशाला, परसा के उच्च माध्यमिक विद्यालय शोभेपुर में प्रभात फेरी, तरैया के पोखरेरा उच्च विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आतानगर, खोभारी साह उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय सहवा, उच्च माध्यमिक विद्यालय सिसवा में प्रभात फेरी निकली गई।

वहीं गड़खा प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय महमदा, उच्च विद्यालय गरखा, सदर प्रखंड के कई विद्यालयों से में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर जागरूकता अभियान चलाया गया।

# नवादा जिले में शारदा अभ्रक माइंस पर वन विभाग का छापा,चालक सह मालिक पकड़ा गया

**नवादा,** (हि.स.)।नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के चटकरी गांव स्थित शारदा नामक अभ्रक माइंस में अवैध खनन के विरुद्ध शुक्रवार को वन विभाग ने बीते गुरुवार की देर रात बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग की टीम ने मौके से उजले रंग के बड़े-बड़े पत्थरों से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है ।साथ ही ट्रैक्टर चालक सह मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई काफी दिनों बाद हुई है।

छापेमारी के दौरान जब्त ट्रैक्टर पर उजले पत्थर लदे हुए थे। गिरफ्तार युवक की पहचान



झारखंड के कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के जोरा सिमर गांव निवासी चतलाल सिंह के पुत्र आशीष सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आशीष सिंह ही जब्त ट्रैक्टर का चालक सह मालिक है।

गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में बताया कि वह बीते कुछ दिनों से शारदा माइंस से पत्थर लेकर अपने घर के पास एकत्रित कर रहा था। वह अब तक 12 बार ढुलाई कर चुका था और यह 13वीं बार था जब वह पत्थर लेकर जा रहा था और इसी दौरान वन विभाग के हत्थे चढ़ गया। उसने यह भी बताया कि उसने जब्त ट्रैक्टर को वास्तविक मालिक से ढाई लाख रुपये में एग्रीमेंट करके खरीदा था।

रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि शारदा माइंस में अवैध खनन की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए फॉरेस्टर आदेश कुमार और पीयूष कुमार के अलावा वनरक्षी रंजन कुमार, मनोज साव, नीतीश कुमार और रवि कुमार के साथ मिलकर यह छापेमारी की गई रेंजर ने बताया कि अवैध खनन में सलिप्त ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध वन विभाग के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

वन विभाग ने साफ किया है कि अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद खनन माफियाओं में सन्नाटा पसर गया है।

**दर्जनों माइंस में जारी है अवैध ब्लास्टिंग और खनन :-**

सवैयाटांड़ पंचायत में शारदा अभ्रक माइंस के अतिरिक्त दर्जनों अन्य अभ्रक माइंस भी हैं, जहां दिन के उजाले से लेकर रात में भी जिलेटिन व डेटोनेटर से ब्लास्टिंग कर अभ्रक का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। ठेकेदार ब्लास्टिंग के बाद मजदूरों से अभ्रक चुनवाते हैं और उन्हें बहुत कम राशि देते हैं, जबकि ठेकेदार इसी अभ्रक को बाजार में बेचकर मोटी रकम अर्जित करते हैं। इस दौरान अभ्रक चुनने के बाद बचे शेष पत्थरों को भी बेच दिया जाता है।

# शीतकाल के लिए श्री हेमकुंड साहिब व लोकपाल के कपाट बंद




**गोपेश्वर,** (हि.स.)। उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब और हिंदुओं के पवित्र धाम लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए शुक्रवार अपराह्न बंद कर दिए गए।

कपाट बंद होने के अवसर पर गोविंदधाम (घांघरिया) से रागियों समेत चार हजार श्रद्धालु श्री हेमकुंड साहिब पहुंचे। खुशनुमा मौसम और बर्फ से ढकी सप्तश्रृंग घाटी के दिव्य नज़ारे के बीच, अमृतसरी रागी जत्थे की ओर से शबद कीर्तन और सुखमणि साहिब पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद अरदास और जो बोले सोनिहाल के उद्घोष के साथ कपाट बंद कर दिए गए।

इस अवसर पर सेना के बैंड की मधुर धुनों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा और वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह मौजूद रहे। उन्होंने बर्फवारी के दौरान पुलिस के सहयोग की सराहना की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 25 मई से आरंभ हुई श्री हेमकुंड साहिब यात्रा ने श्रद्धालुओं की संख्या मामले में पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये। इस सीज़न में दो लाख 75 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शनों का पुण्य लाभ अर्जित किया। यह धार्मिक केंद्र केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि हिन्दू-सिख आस्था के अटूट संकल्प का प्रतीक है।

# अंतरिक्षयात्री नहीं बनना चाहते थे रूस के डेनिस मातवेव




**दिल्ली,** (हि.स.) रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस से जुड़े दिमित्री व्यादिमीरोविच मातवेव (डेनिस मातवेव) बचपन में अंतरिक्षयात्री नहीं बनना चाहते थे, लेकिन 27 साल की उम्र में इंजीनियरिंग क्षेत्र को अलविदा कह कर वे अंतरिक्ष यात्री के रूप में ही दुनिया के सामने आए।

राष्ट्रीय राजधानी के रूसी विज्ञान एवं संस्कृति केंद्र (रशियन सेंटर) में शुक्रवार को एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे मातवेव ने हिंदुस्थान समाचार से कहा, "मैं बचपन में अंतरिक्षयात्री नहीं बनना चाहता था क्योंकि मैंने अपने पिता को इसी क्षेत्र में कार्यरत देखा था लेकिन शायद बचपन की इन्हीं स्मृतियों के कारण मैं वो बना जो आज मैं आप सबके सामने हूं।"मातवेव ने इंजीनियरिंग में शिक्षा ग्रहण की है और स्नातक होने के बाद गगारिन केंद्र से जुड़े। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि सोयुज एमएस-21 मिशन था, जो वर्ष 2022 में कजाकिस्तान के बैकोनूर कास्मोड्रोम से प्रक्षेपित किया गया था। द्वितीय फ्लाइट इंजीनियर के तौर पर इसमें उन्होंने कमांडर ओलेग आर्टेमयेव और सर्गेइ कोर्साकोव के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में 195 दिन से ज्यादा दिन बिताए।उन्होंने कहा, "अंतरिक्ष एक बेहद खूबसूरत सपने जैसा है जो पृथ्वी से बिल्कुल अलग है। अंतरिक्ष में पहुंचते ही हम सही मायनों में हर तरह से भारहीन हो जाते हैं।" यह पूछे जाने पर कि अंतरिक्ष में इस तरह का मानवीय हस्तक्षेप कहा तक सही हैं, उन्होंने कहा, "हम मनुष्य खोजी प्रवृत्ति के हैं और शायद इन्हीं खोजों के कारण ही हम आज आधुनिक जीवन में हर तरह के वैज्ञानिक प्रयोगों का फायदा उठा रहें हैं। अंतरिक्ष में हमारी खोज इसी दिशा में एक नया कदम है।"रूस में हीरो आफ द रशियन फेडरेशन सम्मान से सम्मानित मातवेव भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग के प्रति बेहद आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, "इस क्षेत्र में दोनों देशों के बीच असीम संभावनाए हैं और मैं उम्मीद करता हूं कि इस दिशा में दोनों देशों के बीच संबधों में और प्रगाढ़ता आएगी।" अंतरिक्ष अनुसंधान क्षेत्र के व्यापक व्यावसायिक एवं आर्थिक पहलू पर उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और इसका सतत विकास जरूरी है। यह साझेदारी से ही संभव हो सकेगा।

## विश्वास आधारित शासन के लिए आधुनिक कर ढांचा जरूरी : नीति आयोग

**नई दिल्ली,** (हि.स.) नीति आयोग ने भारत में कर प्रशासन को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वास-आधारित बनाने के लिए आधुनिक कर ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। आयोग ने शुक्रवार को जारी अपनी रिपोर्ट 'भारत के कर रूपांतरण की ओरः अपराध-मुक्त करने और विश्वास-आधारित शासन' में सुझाव दिया कि छोटे-मोटे उल्लंघनों को गैर-अपराधीकरण किया जाए, अत्यधिक अनिवार्य न्यूनतम सजा हटाई जाए और कारावास की कुल अवधि कम की जाए। इसका उद्देश्य करदाताओं को सशक्त करना और त्रुटियों व धोखाधड़ी के बीच स्पष्ट अंतर करना है।

नीति आयोग ने कहा कि आयकर अधिनियम, 2025 के तहत वर्तमान में 35 कार्यों और चूकों को आपराधिक अपराध माना जाता है, जिनमें से 25 के लिए न्यूनतम कारावास निर्धारित है। आयोग ने सुझाव दिया कि इनमें से 12 अपराधों को पूरी तरह गैर-अपराधी घोषित किया जाए और केवल दीवानी या मौद्रिक दंड के माध्यम से निपटाया जाए। ये अपराध मुख्यतः प्रशासनिक और तकनीकी चूक से जुड़े हैं। इसके अतिरिक्त, 17 अपराधों के लिए केवल धोखाधड़ी या दुर्भावनापूर्ण इरादे होने पर ही आपराधिक दायित्व रखा जाए। जबकि छह गंभीर अपराधों, जैसे सुनियोजित कर चोरी या प्रमाण निर्माण, में आनुपातिक दंड के साथ आपराधिक दायित्व बनाए रखा जाना चाहिए। आयोग ने जोर दिया कि इस तरह का बदलाव बलपूर्वक अनुपालन से हटकर विश्वास-आधारित शासन के मॉडल की ओर संक्रमण को प्रोत्साहित करेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दंडों को युक्तिसंगत और अनुपातिक बनाया जाना चाहिए। इससे करदाताओं में विश्वास बढ़ेगा, प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी और अनजाने या तकनीकी त्रुटियों के लिए अत्यधिक दंड की स्थिति समाप्त होगी। नीति आयोग का मानना है कि इस सुधार से भारत का कर ढांचा आधुनिक, न्यायसंगत और पूर्वानुमानित बनेगा।

# सब्सक्रिप्शन के लिए खुला सिहोरा इंडस्ट्रीज का आईपीओ, 14 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

**नई दिल्ली,** (हि.स.) टेक्सटाइल कंपनी सिहोरा इंडस्ट्रीज ने 10.56 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सब्सक्रिप्शन शुरू कर दिया है। शेयर की कीमत 66 रुपये प्रति शेयर तय की गई है और लॉट साइज 2,000 शेयर का है। 16 लाख नए शेयर जारी किए जा रहे हैं। रिटेल और नॉन-इंस्टिट्यूशनल इनवेस्टर्स के लिए 47.50 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित है, जबकि मार्केट मेकर्स के लिए 5 प्रतिशत शेयर रिजर्व हैं। बुक रनिंग लीड मैनेजर सौभाग्या कैपिटल ऑपशंस लिमिटेड और रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड हैं। अलॉटमेंट 15 अक्टूबर को और लिस्टिंग 17 अक्टूबर को होगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में 30 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ, जो 2024-25 में 1.87 करोड़ रुपये तक बढ़ गया। आय 12.10 करोड़ से बढ़कर 15.06 करोड़ रुपये हुई। वर्तमान वित्त वर्ष अप्रैल-अगस्त में शुद्ध लाभ 45 लाख रुपये और आय 5.86 करोड़ रुपये रही। कर्ज और रिजर्व में हल्का उतार-चढ़ाव देखा गया।



# राशिफल : 11अक्टूबर, 2025

**मेष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-3-6-9

**वृष :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्घि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

**मिथुन :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते ह। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना प$ड सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। शुभांक-2-5-7

**कर्क :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग। शुभांक-4-6-9

**सिंह :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्घिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

**वृश्चिक :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्घि होगी। शुभांक-3-5-7

**धनु :** कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्घि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

**मकर :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्क्षचता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कुम्भ :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7----

# पंचांग : 11अक्टूबर, 2025

11 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र वृष में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 06.26 बजे से
वृश्चिक 08.41 ब.से
धनु 10.57 बजे से
मकर 13.02 बजे से
कुंभ 14.49 बजे से
मन 16.22 बजे से
मष 17.52 बजे से
वृष 19.32 बजे से
मिथुन 21.30 बजे से
कर्क 23.44 बजे से
सिंह 02.00 बजे से
कन्या 04.12 बजे से
शनिवार 2025 वर्ष का 284 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) पक्ष कृष्ण
तिथि पंचमी 16.44 बजे को समाप्त।
नक्षत्र रोहिणी 15.20 बजे को समाप्त।
योग व्यतीपात 14.07 बजे को समाप्त।
करण कौलव 06.08 बजे, तैतिल 16.44 बजे तदनन्तर गर 03.27 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 19.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 070 02'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872494
जूलियन दिन 2460959.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1447

महीना रबी उस्सानी तारीख 18

विशेष रोहिणी व्रत।




# ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा संबंध और रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण मोड़ पर : रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन शुक्रवार को सिडनी में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा उद्योगपतियों के साथ पहली गोलमेज बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक, औद्योगिक और तकनीकी सहयोग को और गहरा करना था। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह बैठक केवल संवाद नहीं, बल्कि भारत और ऑस्ट्रेलिया को व्यापार, उद्योग और नवाचार में स्वाभाविक सहयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**प्रौद्योगिकी और औद्योगिक सहयोग के अवसर :**रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया क्वांटम सिस्टम, स्वचालित अंडरवाटर व्हीकल और उन्नत समुद्री निगरानी जैसी तकनीकों में अग्रणी है, जबकि भारत विशाल विनिर्माण क्षमता, सॉफ़्टवेयर दक्षता, जहाज निर्माण, मिसाइल और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में सक्षम है। उन्होंने इस गोलमेज बैठक को दोनों देशों के रक्षा उद्योग सहयोग में अप्रयुक्त क्षमता को दोहन करने का बड़ा अवसर बताया।

**निवेश और नवाचार के लिए आमंत्रण :**राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई व्यापार समुदाय को भारत में निवेश, सहयोग और नवाचार के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर अत्याधुनिक तकनीक विकसित कर सकते हैं और अपने उद्योगों को क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के रणनीतिक प्रवर्तक बना सकते हैं। उन्होंने एक ऐसी साझेदारी बनाने पर जोर दिया जो आर्थिक और रणनीतिक रूप से परिवर्तनकारी हो।

**साझा आयोजन और प्रतिभागी :**इस गोलमेज सम्मेलन का आयोजन भारतीय रक्षा मंत्रालय, ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग, न्यूलैंड ग्लोबल ग्रुप और ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापार परिषद ने किया। कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया के सहायक रक्षा मंत्री पीटर खलील के साथ-साथ दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, राजनयिक, उद्योग जगत के दिग्गज, अनुसंधान संस्थान और नवप्रवर्तक शामिल हुए। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी अब निर्णायक मोड़ पर है और यह दोनों देशों के भविष्य को मिलकर आकार देने का अनूठा अवसर प्रदान करती है।

**साझा रणनीतिक दृष्टिकोण और उच्चस्तरीय बैठकों की श्रृंखला :** रक्षा मंत्री ने याद दिलाया कि भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को मजबूत करने के लिए हाल के वर्षों में कई उच्चस्तरीय बैठकें हुई हैं, जिनमें नवंबर 2024 में शिखर सम्मेलन, अक्टूबर 2024 में 2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता और जून 2025 में ऑस्ट्रेलियाई उप-प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री की भारत यात्रा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों की नींव साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थागत समानताओं और राष्ट्रमंडल के हिस्से होने पर आधारित है।

**आर्थिक और औद्योगिक उपलब्धियां :** राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत अब विश्व स्तर पर चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले वित्त वर्ष में रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रुपये (लगभग 18 अरब अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है। रक्षा निर्यात भी 23,622 करोड़ रुपये (2.76 अरब अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गया है और भारतीय कंपनियां अब लगभग 100 देशों को अपने उत्पाद भेज रही हैं।

# पश्चिम बंगाल में 'कोल्डरिफ' कफ सिरप की बिक्री पर रोक, मप्र में बच्चों की मौत के बाद उठाया कदम

**कोलकाता,** (हि.स.)।

**» बंगाल केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने सभी दवा विक्रेताओं को स्टॉक रोकने का निर्देश दिया।**

**» सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे खतरनाक तत्व पाए जा सकते हैं।**



मध्य प्रदेश में कथित रूप से 'कोल्डरिफ' कफ सिरप के सेवन से कई बच्चों की मौत के बाद पश्चिम बंगाल में इसकी बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। बंगाल केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (बीसीडीए) ने राज्य के सभी खुदरा और थोक दवा विक्रेताओं को इस कफ सिरप की खरीद-बिक्री बंद करने का निर्देश जारी किया।

बीसीडीए के सचिव पृथ्वी बसु ने शुक्रवार को बताया कि मध्य प्रदेश में हुई घटना से जुड़ा बैच पश्चिम बंगाल में नहीं आया है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी दवा विक्रेताओं को इसके स्टॉक और बिक्री पर रोक लगाने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में दवा विक्रेताओं के साथ 11 अक्टूबर को बैठक बुलाई गई है ताकि इस पर और सख्त दिशा-निर्देश दिए जा सकें।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब देशभर में बिना पर्ची के मिलने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। 'कोल्डरिफ' सिरप का निर्माण तमिलनाडु स्थित एक दवा कंपनी द्वारा किया जाता है, जिसके निर्माता को बच्चों की मौत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना से पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में दहशत फैल गई थी।

रिपोर्टों के अनुसार, इस सिरप में प्रोपाइलीन ग्लाइकॉल, ग्लिसरीन और सोर्बिटोल जैसे रासायनिक तत्व पाए गए हैं। पश्चिम बंगाल राज्य औषध नियंत्रण प्राधिकरण ने निर्देश जारी किया है कि इन रासायनिक तत्वों की आपूर्ति केवल प्रमाणित विक्रेताओं से ही की जाए और इन्हें मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में जांचा जाए। परीक्षण रिपोर्ट दवा नियंत्रण बोर्ड के लाइसेंसिंग प्राधिकरण को सौंपी जानी होगी।

इस बीच, बाल रोग विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि असली खतरा सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे तत्वों की मौजूदगी से हो सकता है, जो गुर्दे को गंभीर नुकसान पहुंचाने के लिए जाने जाते हैं।

इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ के प्राचार्य डॉ. जयदेब रॉय ने कहा, "यह पहली बार नहीं है जब ऐसी घटना हुई हो। सतर्कता ही एकमात्र उपाय है।" उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि बिना चिकित्सकीय परामर्श के बच्चों को कफ सिरप न दें। उन्होंने कहा, "शिशु अक्सर सिरप के असर से पतला हुआ बलगम बाहर नहीं निकाल पाते, जिससे खतरा बढ़ जाता है। इंटरनेट से जानकारी लेकर दवाएं खरीदने की प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है।"---

# मणिपुर में केवाईकेएल उग्रवादी गिरफ्तार, हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल,** (हि.स.)। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह जानकारी शुक्रवार को मणिपुर पुलिस मुख्यलाय ने दी।



पुलिस मुख्यालय ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के स्वयंभू हवलदार को गुरुवार को इंफाल पश्चिम जिले के उरीपोक इलाके से गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी राज्य भर के संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में चलाए जा रहे गहन तलाशी और क्षेत्र वर्चस्व अभियानों के तहत हुई।

इसी बीच गुरुवार को ही इंफाल पूर्व और काकचिंग जिलों में दो स्थानों से कम से कम 13 आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद बरामद किए गए। राज्य में लंबे समय से चल रहे जातीय अशांति के मद्देनजर सुरक्षा बलों द्वारा जारी आतंकवाद विरोधी अभियानों के कारण ऐसी बरामदगी आम हो गई है। मई, 2023 में मैतेई और कुकी-ज़ो समुदायों के बीच जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से मणिपुर में तनाव बना हुआ है, जिसमें लगभग 260 से ज़्यादा लोग मारे गए और काफी लोग विस्थापित हुए।

इस साल की शुरुआत में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद से राज्य राष्ट्रपति शासन के अधीन है और मणिपुर विधानसभा निलंबित है।

सुरक्षा एजेंसियों ने आगे हिंसा रोकने और आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के तहत राज्य भर में कड़ी निगरानी और लगातार तलाशी अभियान जारी रखे हुए हैं।

# आईपीएस अधिकारी की मौत के मामले पर आयोग ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। हरियाणा में आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की मौत के मामले का राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव से इस संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है। इस मामले में अब तक कई आलाधिकारियों के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज हुई है ।हरियाणा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वाई पूरन कुमार ने 7 अक्टूबर को चंडीगढ़ स्थित आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में




उन्होंने जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न और अत्याचार का आरोप लगाया। शुक्रवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने मृतक के सुसाइड नोट में कथित तौर पर जातीय उत्पीड़न की बात का संज्ञान लिया है। हरियाणा के मुख्य सचिव को नोटिस जारी करते हुए इस संबंध में 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही चंडीगढ़ के मुख्य सचिव और चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक को भी नोटिस जारी कर 7 दिनों में जवाब मांगा है।

# एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर भड़की ममता, भाजपा ने बयान को हिंसा भड़काने वाला बताया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरु होने से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव अधिकारी पर निशाना साधते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। भारतीय जनता पार्टी ने ममता के बयान को हिंसा भड़काने वाला करार दिया है।



शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वस्थ प्रक्रिया से होने वाले चुनावों के लिए निर्धारित एसआईआर की प्रक्रिया के विरुद्ध जिस प्रकार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खतरनाक बयान दिया है, वह प्रकारांतर से सीधे हिंसा भड़काने का संकेत देता है।

यह अपने आप में तृणमूल कांग्रेस की नैतिकता और पश्चिम बंगाल सरकार की संवैधानिकता दोनों पर प्रश्नचिह्न लगाता है। यह कैसे संभव है कि कानून-व्यवस्था, जो राज्य का विषय है, उस राज्य की मुख्यमंत्री स्वयं इस प्रकार से चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े करें?

उन्होंने कहा कि पूर्व में भी पश्चिम बंगाल की सरकार ने जिस प्रकार हिंसा को संरक्षण दिया, उस पर न्यायालयों की कठोर टिप्पणियां रही हैं। ऐसे में यदि मुख्यमंत्री स्वयं सर्वोच्च पद से इस प्रकार के बयान दें, तो यह अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। इसको लेकर ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में जनता और राज्य सरकार को शामिल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठकों में सिर्फ कुछ अधिकारियों को बुलाया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि एसआईआर की आड़ में असली मतदाताओं को हटाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को 'एनआरसी लागू करने की साजिश' बताते हुए कहा कि भाजपा आग से खेल रही है।



# टेनेसी में भीषण धमाका: सैन्य विस्फोटक निर्माण संयंत्र में हादसा, कई लोगों की मौत

अमेरिका के टेनेसी राज्य के हिकमैन काउंटी में शुक्रवार सुबह एक सैन्य विस्फोटक निर्माण संयंत्र में हुए भीषण धमाके ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में कई लोगों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य अब तक लापता हैं। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मीलों दूर स्थित घरों में झटके महसूस किए गए और खिड़कियां तक हिल गईं।

हिकमैन काउंटी के एडवांस्ड ईएमटी डेविड स्टीवर्ट ने बताया कि विस्फोट के बाद संयंत्र के भीतर लगातार छोटे-छोटे धमाके हो रहे हैं, जिसके कारण बचाव दल को अंदर जाने में कठिनाई हो रही है। घटना Accurate Energetic Systems नामक संयंत्र में हुई, जो सैन्य ग्रेड विस्फोटक तैयार करने के लिए जाना जाता है। कंपनी ने फिलहाल इस हादसे पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

धमाके के वीडियो और तस्वीरें वायरल

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट के बाद आसमान में घना धुआं और जलता हुआ मलबा देखा गया। नैशविले स्थित WTVF-TV ने घटनास्थल से प्रसारित तस्वीरों में क्षतिग्रस्त वाहन, बिखरा मलबा और आग की लपटें दिखाई हैं। कई निवासियों ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी जोरदार थी कि उन्हें लगा जैसे भूकंप आ गया हो। कुछ लोगों ने अपने घरों के सुरक्षा कैमरों में धमाके की आवाज रिकॉर्ड की है।

राजनीतिक प्रतिनिधियों ने जताई संवेदना

टेनेसी के सांसद स्कॉट डेसजार्लिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) पर पोस्ट कर कहा, "कृपया Accurate Energetic Systems प्लांट के कर्मचारियों, उनके परिवारों और बचावकर्मियों के लिए प्रार्थना करें।"

स्थानीय प्रशासन ने संयंत्र के आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा अलर्ट जारी कर लोगों से इलाके से दूर रहने की अपील की है। विस्फोट के कारणों की जांच के लिए संघीय एजेंसियों (FBI और NTSB) को भी जांच में शामिल किया गया है।

# ईरानी तेल खरीद पर अमेरिका ने चीन की रिफाइनरी समेत 100 संस्थाओं पर लगाए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका ने ईरान के तेल और पेट्रोकेमिकल व्यापार में सहयोग देने के आरोप में करीब 100 व्यक्तियों, संस्थाओं और जहाजों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें चीन की एक स्वतंत्र रिफाइनरी और तेल टर्मिनल भी शामिल हैं। यह कार्रवाई अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा 09 अक्टूबर को की गई। अमेरिकी वित्त विभाग ने चीन की शानडोंग जिनचेंग पेट्रोकेमिकल ग्रुप कंपनी को प्रतिबंधित किया है। यह शानडोंग प्रांत में स्थित एक स्वतंत्र रिफाइनरी है, जिसने 2023 से अब तक लाखों बैरल ईरानी तेल खरीदे हैं। इसके अलावा, रिजाओ शिहुआ क्रूड ऑयल टर्मिनल कंपनी को भी निशाने पर लिया गया है, जो लानशान पोर्ट पर टर्मिनल संचालित करती है। विभाग के अनुसार, इस टर्मिनल ने ईरान के "शैडो फ्लीट" के दर्जनभर से अधिक जहाजों से तेल उतारा है, जिनमें Kongm, Big Mag और Voy जैसे टैंकर शामिल हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ईरान का तेल नेटवर्क उसकी परमाणु और मिसाइल योजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करता है और वह मध्य पूर्व में उग्रवादी समूहों को समर्थन देता है। हालांकि, ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा, "वित्त विभाग ईरान की ऊर्जा निर्यात प्रणाली के प्रमुख हिस्सों को ध्वस्त करके उसकी नकदी प्रवाह को कमजोर कर रहा है।" यह चीन स्थित रिफाइनरियों पर चौथी कार्रवाई है, जिन पर ईरानी तेल खरीद जारी रखने का आरोप है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि पहली बार किसी चीन-आधारित टर्मिनल, जियांगयिन फॉरएवरसन केमिकल लॉजिस्टिक्स, को भी ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पाद प्राप्त करने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। यह कम ऐसे समय में उठाया गया है जब इजराइल और हमास के बीच गाजा युद्धविराम और बंधक सौदा हुआ है, जो यदि पूरी तरह लागू होता है तो यह अब तक का सबसे महत्वपूर्ण प्रयास साबित हो सकता है, जिससे ईरान, यमन और लेबनान जैसे देशों को शामिल करने वाला क्षेत्रीय संघर्ष शांत हो सकता है। चीन के वॉशिंगटन स्थित दूतावास और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

**1 चीन की शानडोंग जिनचेंग पेट्रोकेमिकल ग्रुप और रिजाओ शिहुआ क्रूड ऑयल टर्मिनल कंपनी को भी प्रतिबंध सूची में शामिल किया गया।**

**2 अमेरिकी वित्त विभाग के अनुसार, ईरान का तेल नेटवर्क उसकी परमाणु और मिसाइल योजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।**

**3 ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यह कदम ईरान की नकदी प्रवाह और ऊर्जा निर्यात प्रणाली को कमजोर करने के लिए है।**

**4 यह कार्रवाई गाजा युद्धविराम समझौते और क्षेत्रीय शांति प्रयासों के बीच हुई, जिससे मध्य पूर्व में तनाव कम होने की उम्मीद है।**

## 'बलोचिस्तान में सात अक्टूबर को बलघाटर हमले में पाकिस्तानी सेना के 14 जवान मारे गए'-बीएलएफ के विस्तृत बयान में दावा



**क्वेटा (बलूचिस्तान),** (हि.स.)।बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने सात अक्टूबर को बलघाटर में पाकिस्तानी सेना की चौकी पर बड़ा और संगठित हमला किया। बीएलएफ प्रवक्ता मेजर घोरम बलोच के अनुसार, शाम 5:00 बजे शुरू हुए इस हमले में भारी हथियारों का इस्तेमाल किया गया और यह तीन घंटे से अधिक समय तक चला। लड़ाकों ने चौकी पर कब्जा कर लिया और हथियार, सैन्य उपकरण, दो क्वाडकॉप्टर और एक ड्रोन कैमरा अपने कब्जे में ले लिए।

हमले के दौरान पाकिस्तान सेना का त्वरित प्रतिक्रिया बल पंजगुर से चार वाहनों के साथ मदद के लिए आया, लेकिन लड़ाकों ने घात लगाकर उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस हमले में फ्रंट की कुर्बान यूनिट के प्रमुख अब्दुल्ला दियार (सोगहत) की जान चली गई। बीएलएफ ने हमले की जिम्मेदारी स्वीकार की और कहा कि बलोचिस्तान में पाकिस्तानी सेना मनोवैज्ञानिक रूप से पराजित हो चुकी है और अपने मृत सैनिकों को स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

यह हमला बीएलएफ की सक्रियता और पाकिस्तानी सेना की मनोवैज्ञानिक चुनौती को उजागर करता है।

# ट्रम्प ने ईरान पर हुए हमलों को बताया गाजा शांति समझौते का निर्णायक कारक

**ट्रम्प के अनुसार, इन हमलों से ईरान की परमाणु क्षमता सीमित हुई और शांति का मार्ग प्रशस्त हुआ**



**वॉशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर हुए हमले गाजा संघर्षविराम समझौते को संभव बनाने में बेहद महत्वपूर्ण साबित हुए। उन्होंने कहा कि इन हमलों ने ईरान की परमाणु क्षमता को सीमित कर दिया और क्षेत्र में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया। व्हाइट हाउस में गुरुवार को कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा, "मेरा मानना है कि ईरान पर हमला बहुत जरूरी था, क्योंकि अगर ऐसा नहीं होता, तो उनके पास अब तक कई परमाणु हथियार होते। तब चाहे हम कोई भी समझौता करते, उस पर एक काला साया बना रहता और उसकी अहमियत नहीं रहती।" रिपोर्टों के अनुसार, इजराइल ने 13 जून को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था, जिसके बाद उसी महीने अमेरिका ने भी ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर निशाना साधा था, जिससे वे "गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त" हो गए। ट्रम्प ने आगे कहा, "अब ईरान अलग है, उन्होंने हमें सूचित किया है कि वे इस शांति समझौते के पूरी तरह पक्ष में हैं। वे इसे एक अच्छी पहल मानते हैं, और हम उनके साथ मिलकर आगे काम करेंगे।" उन्होंने यह भी जोड़ा कि अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने देश का पुनर्निर्माण करे, लेकिन उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके पास परमाणु हथियार न हों। ट्रम्प के मुताबिक, ईरान पर हुए हमले ने "क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बदल दिया" और अब मध्य पूर्व में "शांति और सहयोग के नए युग" की संभावना बढ़ गई है।

## बुलेटिन बॉक्स

- » पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की संभावित गिरफ्तारी पर काठमांडू में प्रधानमंत्री आवास पर देर रात आपात बैठक हुई।
- » फ्रांसः राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया को लेकर नए वार्ता दौर की घोषणा की।
- » चीनः बीजिंग में एशिया-पैसिफिक व्यापार सम्मेलन में 18 देशों ने डिजिटल करेंसी सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- » संयुक्त राष्ट्रः महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाज़ा पट्टी में बढ़ते मानवीय संकट पर तत्काल युद्धविराम की अपील की।

# इजराइल कैबिनेट ने हमास से युद्धविराम समझौते के पहले चरण को मंजूरी दी



**तेल अवीव,** (हि.स.)। इजराइल कैबिनेट ने आखिरकार आतंकी संगठन हमास के साथ गाजा युद्धविराम समझौते के प्रथम चरण को औपचारिक मंजूरी दे दी है। यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में मिस्र में आयोजित परोक्ष वार्ता के बाद हुआ। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक में देश को भरोसे में लेते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र में स्थायी शांति की दिशा में पहला प्रयास है। समझौते के तहत गाजा में बंधक बनाए गए सभी इजराइली नागरिकों की रिहाई, इजराइली सेना की सीमित वापसी और कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई का प्रावधान है।

**राहत, उम्मीद और जश्न के बीच गाजा के नागरिक :** संयुक्त राष्ट्र के आपात राहत समन्वयक ने बताया कि लगभग 1.7 लाख मीट्रिक टन खाद्य सामग्री, दवाइयां और आवश्यक वस्तुएं गाजा भेजने के लिए तैयार हैं। मध्य गाजा के विस्थापित नागरिकों ने इस खबर पर राहत महसूस की है। एक निवासी अला अल-मधौन ने कहा कि अब हम अपने घर लौटकर बच्चों को स्कूल भेज सकेंगे। राफाह के अल-मवासी क्षेत्र में लोगों ने युद्धविराम की खबर पर जश्न मनाया। उनका कहना है कि लगातार गोलियों की आवाज सुनते-सुनते अब वे शांति चाहते हैं, चाहे मलबे के ऊपर ही क्यों न रहना पड़े।

**ट्रंप की पहल और अमेरिकी भूमिका :**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते को 'ऐतिहासिक अवसर' बताया है। उन्होंने कहा कि गाजा में बंद सभी इजराइली नागरिकों को अगले सप्ताह सोमवार या मंगलवार तक रिहा कर दिया जाएगा। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि वह स्वयं गाजा की यात्रा कर सकते हैं। अमेरिका इस समझौते के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए मिस्र, कतर, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के सहयोग से 200 सैनिकों की एक विशेष टीम मध्य पूर्व में तैनात कर रहा है। अमेरिकी सेना इजराइल में एक समन्वय केंद्र स्थापित करेगी, जो पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेगा।

**अभी भी सतर्कता जरूरी, संघर्ष पूरी तरह थमा नहीं** कैबिनेट की मंजूरी के बावजूद शुक्रवार सुबह दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में इजराइली युद्धक विमानों ने हवाई हमले किए। नागरिक सुरक्षा विभाग ने गाजा शहर के निवासियों से अपील की है कि जब तक सेना की आधिकारिक वापसी की घोषणा नहीं होती, वे अपने घरों से बाहर न निकलें। फिलहाल, आसमान अब भी ड्रोन और तोपों की गड़गड़ाहट से गूंज रहा है, जबकि पूरी दुनिया इस शांति प्रयास की सफलता की प्रतीक्षा कर रही है।

# वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो को शांति का नोबेल पुरस्कार



**स्टॉकहोम,** (हि.स.)।दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला की पूर्व सांसद मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में शुक्रवार को नोबेल समिति ने यह घोषणा की। मचाडो को देश में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष के लिए यह सम्मान दिया गया है। 56 वर्षीय मचाडो को यह पुरस्कार आगामी 10 दिसंबर को आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। इसमें 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (करीब 96 करोड़ रुपये) और प्रशस्ति पत्र शामिल हैं। नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वाटने फ्राइडनेस ने कहा कि मचाडो "बढ़ती अंधेरी में लोकतंत्र की लौ जलाए रखने वाली साहसी महिला हैं।" मचाडो ने राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की तानाशाही के खिलाफ अहिंसक आंदोलन का नेतृत्व किया था। 2024 के चुनाव में धांधली के आरोपों के बाद उन्होंने मादुरो सरकार की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की, जिसके चलते उन्हें गिरफ्तारी का सामना करना पड़ा। पुरस्कार के बाद उन्होंने कहा— "यह सम्मान मेरे नहीं, बल्कि वेनेजुएला के लाखों नागरिकों की दृढ़ता का प्रतीक है।" उनका जन्म 1968 में बारक्विसिमेटो में हुआ था। जैव रसायन में स्नातक और हार्वर्ड से परास्नातक मचाडो ने 'वोलेंटेड एनरीडा' पार्टी की स्थापना की और लोकतंत्र व मानवाधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखा। उनकी जीत लैटिन अमेरिका में लोकतंत्र की लड़ाई को वैश्विक मंच पर नई पहचान देती है।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सुल्तान ऑफ जोहोर कप में गौरव दोहराने को तैयार

## भारत 11 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ करेगा अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम प्रतिष्ठित सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 में अपनी दावेदारी पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 11 से 18 अक्टूबर तक मलेशिया के जोहोर बाह्रु में खेला जाएगा। टीम का लक्ष्य एक बार फिर खिताब पर कब्जा जमाना और इस प्रतियोगिता में अपनी शानदार विरासत को आगे बढ़ाना है।भारत इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी सबसे सफल टीम है। उसने 2013, 2014 और 2022 में खिताब जीता है। वहीं, ग्रेट ब्रिटेन चार बार खिताब जीतकर शीर्ष पर है। भारतीय टीम अब तक 4 रजत पदक (2012, 2015, 2018, 2019) और 2 कांस्य पदक (2023, 2024) भी जीत चुकी है, जो उसकी निरंतरता और मजबूती को दर्शाता है।

इस बार भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम के मैच न्यूजीलैंड (12 अक्टूबर), पाकिस्तान (14 अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (15 अक्टूबर) और मेजबान मलेशिया (17 अक्टूबर) से होंगे। राउंड-रॉबिन चरण के बाद शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल में भिड़ेंगी।भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच पी.आर. श्रीजेश ने टूर्नामेंट से पहले कहा, "सुल्तान ऑफ जोहोर कप हमारे लिए हमेशा खास रहा है। यहीं से कई मौजूदा सीनियर खिलाड़ियों ने अपने करियर की उड़ान भरी थी। यह युवा खिलाड़ियों को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खुद को परखने का शानदार मौका देता है।"उन्होंने आगे कहा, "हमारी तैयारी संतुलित टीम बनाने पर केंद्रित रही है, जो अनुशासन के साथ रचनात्मकता और आक्रामकता के साथ रणनीति को मिला सके। खिलाड़ियों ने पिछले कुछ हफ्तों में बेहद तीव्रता से ट्रेनिंग की है और टीम में एकजुटता और उद्देश्य साफ झलकता है। यह टूर्नामेंट जूनियर वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए भी अहम साबित होगा।"



# यशस्वी जायसवाल ने जड़ा शतक, भारत की मजबूत शुरुआत

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जे रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारत ने अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन नाबाद शतकीय पारी और साईं सुदर्शन के नाबाद अर्धशतक की बदौलत भारत ने पहले दिन चायकाल तक 1 विकेट पर 220 रन बना लिये हैं। यशस्वी 111 और साईं सुदर्शन 71 रन बनाकर नाबाद हैं।

इससे पहले आज सुबह भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी और केएल राहुल ने भारत को अच्छी शुरुआत दिला और पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। इसी स्कोर पर जोमेल वारिकन ने केएल राहुल को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। राहुल ने 38 रन बनाए।

इसके बाद यशस्वी जायसवाल और साईं सुदर्शन ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। इस दौरान यशस्वी ने अपना शतक भी पूरा किया और सुदर्शन ने भी बेहतरीन अर्धशतक लगाया। दोनों के बीच अब तक 162 रनों की साझेदारी हो चुकी है। यशस्वी 111 और साईं सुदर्शन 71 रन बनाकर नाबाद हैं। वेस्टइंडीज के लिए एकमात्र विकेट जोमेल वेरिकन ने लिया।



# अल्जीरिया ने सोमालिया को हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

**ओरान (अल्जीरिया),(हि.स.)**

---

अल्जीरिया ने गुरुवार को मिलूद हदेफ़ी स्टेडियम में खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में सोमालिया को 3-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया।

अल्जीरिया के लिए मोहम्मद अमौरा ने दो गोल दागे, जबकि कप्तान रियाद महरेज़ ने एक गोल कर टीम की जीत पक्की की। इस जीत के साथ डेजर्ट फॉक्सेस (अल्जीरिया की टीम का उपनाम) ने ग्रुप जी में 9 मैचों से 22 अंकों के साथ शीर्ष स्थान मजबूत किया। टीम ने अब तक सात जीत, एक ड्रॉ और एक हार दर्ज की है।

यह अल्जीरिया की फीफा विश्व कप में पांचवीं एंट्री होगी। इससे पहले टीम ने 1982, 1986, 2010 और 2014 में विश्व कप में हिस्सा लिया था।

अल्जीरिया 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी अफ्रीकी टीम बन गई है। इससे पहले मोरक्को, ट्यूनिशिया और मिस्र ने भी जगह बनाई थी।

गौरतलब है कि 2026 फीफा विश्व कप अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।



# वुहान ओपन 2025 सेमीफाइनल में सबालेंका और पेगुला की भिड़ंत पक्की

**वुहान (चीन), (हि.स.)**

---



विश्व की नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को एलेना राइबाकिना को 6-3, 6-3 से हराकर वुहान ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही उन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 20वीं जीत दर्ज की और चौथे लगातार खिताब की अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

सबालेंका और राइबाकिना के बीच यह 13वां मुकाबला था। पहले सेट में 4-3 की बढ़त के बाद बेलारूस की इस स्टार टेनिस खिलाड़ी ने राइबाकिना की सर्विस तोड़ते हुए सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरुआत में ही ब्रेक हासिल कर सबालेंका ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। कुछ देर के लिए सर्विस में लड़खड़ाहट के बावजूद उन्होंने जीत पर शिकंजा कसते हुए राइबाकिना के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-5 कर लिया। यह जीत उनके लिए सिनसिनाटी में इस साल राइबाकिना से मिली हार का बदला भी रही।

अब सेमीफाइनल में सबालेंका का सामना अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला ने एक अन्य क्वार्टरफाइनल में शानदार वापसी करते हुए चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा को 2-6, 6-0, 6-3 से हराया। यह इस सीजन में उनकी 50वीं जीत है, जिससे उन्होंने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है।

गौरतलब है कि सबालेंका और पेगुला के बीच अब तक 10 मुकाबले हो चुके हैं, जिनमें से 8 में बेलारूस की खिलाड़ी को जीत मिली है। उन्होंने पिछले साल यूएस ओपन के फाइनल में भी पेगुला को हराया था।

इस बीच जर्मनी की लौरा सीगेमंड का सामना अमेरिकी तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ़ से एक अन्य क्वार्टरफाइनल में होगा, जबकि पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक और इटली की सातवीं वरीय जैस्मिन पाओलिनी के बीच 2024 फ्रेंच ओपन फाइनल का रीमैच खेला जाएगा।

# जॉर्डन कॉक्स और एम्मा लैम्ब को मिला पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**लंदन, (हि.स.)**

---

इंग्लैंड के क्रिकेटरों जॉर्डन कॉक्स और एम्मा लैम्ब को इस साल के प्रतिष्ठित प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन (पीसीए) अवॉर्ड्स में क्रमशः पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड टीम में वापसी की थी।

**टी20 में शतक लगाया और द हंड्रेड में सबसे ज्यादा रन बनाए।**

कॉक्स को यह अवॉर्ड एक बेहतरीन सीजन के बाद मिला जिसमें उन्होंने एसेक्स के लिए टी20 में शतक लगाया और द हंड्रेड में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने जो रूट, एड बार्नार्ड और डॉम सिबली को पछाड़कर यह अवॉर्ड जीता।

कॉक्स ने कहा, "मेरे लिए सबसे खास पल आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाना था। इसी वजह से मुझे न्यूजीलैंड दौरे के लिए चुना गया, और अब मैं टेस्ट टीम में जगह पक्की करना चाहता हूं।"

**एम्मा लैम्ब को महिला प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया।**

दूसरी ओर, एम्मा लैम्ब को महिला प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। वह इस समय कोलंबो में इंग्लैंड की ओर से वर्ल्ड कप की तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्होंने लंकाशायर की मेट्रो बैंक कप जीत में सबसे ज्यादा रन बनाए और नैट स्किवर-ब्रंट, कैथरीन ब्राइस और जॉर्जिया एल्विस को पीछे छोड़ा। लैम्ब ने कहा, "मैं बहुत हैरान थी लेकिन अपने साथियों से यह सम्मान पाना गर्व की बात है।"

**रुष यंग प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब रेहान अहमद को मिला,**

युवा खिलाड़ियों की श्रेणी में पुरुष यंग प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब रेहान अहमद को मिला, जिन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में पांच शतक लगाए और लीसेस्टरशायर को प्रमोशन दिलाने में अहम भूमिका निभाई। महिलाओं में यह अवॉर्ड डाविना पेरीन को मिला, जिन्होंने द हंड्रेड के एलिमिनेटर में 42 गेंदों पर शतक जड़ा।

आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन अवॉर्ड पूर्व दिग्गज बल्लेबाज



ग्राहम गूच को उनके खेल के प्रति योगदान के लिए दिया गया। वहीं, आदिल राशिद और नैट स्किवर-ब्रंट को राडो रिकग्निशन अवॉर्ड से नवाजा गया। ईसीबी का स्पेशल मेरिट अवॉर्ड एंड्रयू फ्लिंटॉफ की बीबीसी सीरीज़ "फील्ड ऑफ ड्रीम्स" को मिला।

**अंपायर ऑफ द ईयर**

अंपायर ऑफ द ईयर के अवॉर्ड में पुरुष वर्ग में इयान ब्लैकवेल और महिला वर्ग में गाबी ब्राउन को सम्मानित किया गया।

पीसीए के मुख्य कार्यकारी डैरिल मिशेल ने कहा, "यह क्रिकेट का सबसे प्रतिष्ठित समारोह है, जहां हम उन खिलाड़ियों का सम्मान करते हैं जिन्होंने पूरे सीजन मेहनत की और शानदार प्रदर्शन किया। यह अवॉर्ड्स इंग्लैंड क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है।"

**2025 पीसीए अवॉर्ड्स विजेताः**

---

» पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयरः जॉर्डन कॉक्स (फाइनलिस्टः एड बार्नार्ड, जो रूट, डॉम सिबली)

---

» महिला प्लेयर ऑफ द ईयरः एम्मा लैम्ब (फाइनलिस्टः कैथरीन ब्राइस, जॉर्जिया एल्विस, नैट स्किवर-ब्रंट)

---

» पुरुष यंग प्लेयर ऑफ द ईयरः रेहान अहमद (फाइनलिस्टः जेम्स कोल्स, आसा ट्राइब)

---

» महिला यंग प्लेयर ऑफ द ईयरः डाविना पेरीन (फाइनलिस्टः एलिसा लिस्टर, एला मैककॉगन)

---

» आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन अवॉर्डः ग्राहम गूच

---

» राडो रिकग्निशन अवॉर्डः आदिल राशिद, नैट स्किवर-ब्रंट

---

» ईसीबी स्पेशल मेरिट अवॉर्डः एंड्रयू फ्लिंटॉफ की फील्ड ऑफ ड्रीम्स

---

» पुरुष अंपायर ऑफ द ईयरः इयान ब्लैकवेल

---

» महिला अंपायर ऑफ द ईयरः गाबी ब्राउन